हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 31 जुलाई, 2025

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री


न्यूनतम 25 डिग्री


12 स्वतंत्रता दिवस की समारोह बटालियन में, सरकारी विभागों की झांकियां रहेंगी आकर्षण, स्कूली बच्चे देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति





13 ग्रामीणों ने कहा- गुरु घासीदास बाबा के नाम वाले वार्ड में बिल्कुल नहीं चाहिए शराब भट्ठी

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

**दो प्रमुख बड़े प्रोजेक्ट लंबे समय से अटके, चहेतों को काम देने को लेकर लगते रहे आरोप**

## प्रियदर्शनी परिसर में बनेगा हार्स राइडिंग ट्रैक, डबरा पारा चौक पहचाना जाएगा सम्राट अशोक के नाम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम में प्रस्तावित कार्यों को लेकर शहर की जनता को अभी और इंतजार करने पड़ेगा। स्वीमिंग पूल सहित अन्य कार्यों के लाए गए प्रस्ताव को चर्चा के लिए रि-टेंडर के लिए भेज दिया गया। करीब 4.97 करोड़ रुपए के इस काम को लेकर नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया होगी। बता दें कि पूर्व में हुई एमआईसी में इस प्रस्ताव को रोक दिया गया था। एमआईसी की बैठक में आपत्ति की गई कि बिना एमआईसी और सामान्य सभा को जानकारी दिए इसकी निविदा प्रक्रिया कैसे शुरू कर दी गई। उस समय इस विषय को लेकर खासा विवाद हुआ। इसके बाद अब इस प्रस्ताव को लेकर नए सिरे से टेंडर किया जाना इसके अलावा बुधवार को हुई एमआईसी में लाए गए हार्स राइडिंग ट्रैक के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। 1.96 करोड़ रुपए के इस काम में कई अन्य जरूरी कार्य भी स्वीकृत किए गए। बैठक में डबरापारा चौक के नामकरण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। अब से चौक के सम्राच अशोक के नाम से जाना जाएगा।



### मेयर, सभापति और पार्षद जाएंगे इंदौर की सफाई व्यवस्था देखने

बैठक में इंदौर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने मेयर, सभापति, एमआईसी मेंबर और पार्षद जाएंगे। इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में वार्ड 27 शास्त्री नगर नहर के पास स्थित सामुदायिक भवन को डॉ. बीआर अम्बेडकर के नामकरण किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक में राजस्व आय की वृद्धि के लिए निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों में स्थित विद्युत पोल एवं ट्यूबलर पोल में विज्ञापन बोर्ड लगाने के संबंध में चर्चा के बाद स्वीकृति प्रदान की गई।

### 100 सुरक्षा गार्ड की सेवाएं जारी रखने को लेकर मिली वित्तीय स्वीकृति

बैठक में निगम संपत्ति की सुरक्षा व्यवस्था हेतु 100 कार्यरत सुरक्षागार्ड की सेवांए जारी रखे गए व्यय एवं कार्योत्तर की पुष्टि की वित्तीय स्वीकृति की अनुमति प्रदान की गई। प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य, वार्ड 70 हुडको में सीवरेज पाइप लाइन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण, रिक्त आवासीय, व्यवसायिक, आवास सह व्यवसायिक भूखण्डों के अंतरण के संबंध में पुनः निविदा आमंत्रण को मंजूरी दी गई। बैठक में एमआईसी मेंबर सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, केशव चैबे, एकांश बंछोर, चंद्रशेखर गंवई, रिता सिंह गेरा, नेहा साहू, मालती ठाकुर, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त अजय राजपूत, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## वार्डों में सफाई हुई या नहीं, अब पार्षदों से हस्ताक्षर कराना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- सफाई व्यवस्था को बेहतर करने रिसाली निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

नगर पालिक निगम रिसाली की लचर सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए महापौर शशि सिन्हा और आयुक्त मोनिका वर्मा ने नई पहल की है। सफाई सुपरवाइजर अब हर दिन कार्यों की जानकारी पार्षद को देंगे। इसके अलावा वार्ड के नागरिकों से किए गए सफाई कार्य को प्रमाणित कराते हुए रजिस्टर में हस्ताक्षर लेंगे। यह निर्णय महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने सफाई सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक वार्ड के लिए तीन रजिस्टर बनाएं। नाली सफाई प्रतिदिन कहां से कहां तक हुई, इसे नागरिकों से प्रमाणित कराएं। इसी तरह से सड़क और बाजार की सफाई के बाद गैंग द्वारा किए कार्यों की पुष्टी कर क्षेत्रीय पार्षद को अवगत कराएं। आयुक्त ने यह भी कहा कि पार्षद की सफाई संबंधी शिकायत को वे रिमार्क कॉलम में नोट कर जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को अवगत कराकर निराकरण करें। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, रंजीता बेनुआ, ममता यादव, जमुना ठाकुर, पार्षद चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, विनय नेताम, धर्मेन्द्र भगत आदि मौजूद थे।

### दोपहर 12 बजे के बाद बनेगा क्लस्टर

पार्षदों की शिकायत की थी कि दोपहर 12 बजे के बाद सफाई कर्मचारी नजर नहीं आते हैं। उनकी ड्यूटी दोपहर 2 बजे तक है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसका निराकरण करते हुए कार्य योजना तैयार करने कहा कि अब 3 से 4 वार्ड का क्लस्टर बनेगा। कर्मचारी एकत्र होकर प्रतिदिन किसी एक जगह सफाई करेंगे। इसके लिए पार्षद को रोस्टर उपलब्ध कराने भी कहा गया। आयुक्त ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। शीघ्र ही नागरिकों के लिए टेलीफोन नंबर उपलब्ध कराया जाएगा। नागरिक अब सीधे कंट्रोल रूम में शिकायत कर सकेंगे। शाम तक आए शिकायतों का निराकरण के लिए प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार कर सुपरवाइजर को दिया जाएगा।

**दुखद घटना** छावनी थाना क्षेत्र की है घटना, सुरक्षा उपायों की अनदेखी

## सोलर पैनल इंस्टॉल करते समय टेक्नीशियन आए करंट की चपेट में, एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



मकान में सोलर पैनल लगाते समय 11 हजार वॉट के बिजली करंट की चपेट में तीन टेक्नीशियन आ गए। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों ने घायलों को तुरंत निजी अस्पताल सुपेला में उपचार के लिए भेजा गया। मुआवजे को लेकर परिजन मांग करते रहे, सोलर पैलन की ठेका कंपनी जीएसएमआर द्वारा कैम्प 2 संतोषी पारा के चंद्रप्रकाश के मकान में इंस्टाल किया जा रहा था। हादसा बुधवार की सुबह का है। मिली जानकारी के मुताबिक बलौदा बाजार पताल भैरवी क्षेत्र निवासी महेश साहू, देवेन्द्र यादव, ढलेन्द्र साहू तीनों जीएसएमआर कंपनी के टेक्नीशियन हैं। बुधवार की सुबह चंद्रप्रकाश के मकान में सोलर पैनल स्टाल करने के लिए पहुंचे थे। महेश, देवेन्द्र, ढालेन्द्र पहुंचे। मकान के ऊपर में 11 हजार वोल्ट का केबल ऊपर से गया हुआ था। जिसमें करंट दौड़ रही थी पैनल को स्टाल करते समय तीनों को एक साथ करंट लगा। महेश सीधे नीचे गिर गया जिसे सिर पर गंभीर चोट आई है। देवेन्द्र, ढलेन्द्र भी छत पर गिर पड़े जिसे देख मोहल्ले के लोगों ने तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। इस दौरान महेश की मौत हो गई। देवेन्द्र और ढलेन्द्र को गंभीर चोटे आई है। सोलर पैनल कंपनी जीएसएमआर कंपनी में तीनों टेक्निशियन करीब तीन-चार माह से कार्यरत है। लेकिन काम करते समय सोलर पैनल स्टाल कराने वाली कंपनी टेक्निशियनों को सुरक्षा का पुख्त इंतजाम नहीं किया था इस कारण बड़ा हादसा हुआ। घटना में एक की मौत भी हो गई। मौत की खबर लगते ही महेश के परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे।

### महेश की पत्नी है गर्भवती

परिजनों के मुताबिक मृतक महेश साहू का शादी एक-दो साल पहले ही हुआ था। उसकी पत्नी गर्भवती है. पति महेश की मौत की खबर सुनकर पत्नी बदहवास हो गई। परिजनों ने उसे किसी तरह संभाला है। महेश की तीन बहन भी है घर में कमाने वाला यह एक था इसके चले जाने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है। मृतक अस्थायी रुप से वार्ड 2 रुआबांधा में निवास करता है। महेश के मौत के बाद परिवार को आर्थिक स्थिति से जुझना पड़ेगा।

### बिना सुरक्षा के टेक्नीशियन कर रहे थे काम

स्थानीय लोगों के मुताबिक तीनों टेक्नीशियन सोलर पैनल इंस्टाल करते समय सुरक्षा का कोई भी संसाधन का धारण नहीं किए थे। इस दौरान कर्मियों को हेलमेट, सुरक्षा झूला समेत अन्य संसाधन जीएसएमआर सोलर वाली कंपनी ने टेक्निशियनों को नहीं दिया था। सोलर पैनल स्टाल करते समय तीनों खाली होकर बिंदास काम कर रहे थे।अचानक करंट के चपेट में आने के बाद एक की मौत और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## शासन के निर्देशों से नहीं कराया अवगत कार्यालय अधीक्षक की वेतन वृद्धि रुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- लापरवाही बरतने वाले दो कर्मी पर आयुक्त ने की कार्रवाई

काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कार्रवाई की है। कार्यालय अधीक्षक राज कमल बोरकर को आयुक्त ने पहले नोटिस जारी किया। नोटिस में संतोषजन जवाब नहीं देने पर उनकी एक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश जारी किया। जानकारी के मुताबिक शासन के प्राप्त मार्किंग दस्तावेजों को आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई। इसके अलावा सहायक ग्रेड-3 लक्ष्मी साहू पर भी आयुक्त ने कार्रवाई की है। लक्ष्मी साहू ने भी शासन के पत्रों को आगामी कार्यवाही के लिए आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया। इस पर आयुक्त ने लक्ष्मी साहू को नोटिस जारी किया, नोटिस में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर उनकी भी एक वेतन वृद्धि रोकी गई।

आयुक्त ने कार्रवाई के साथ ही सभी अधिकारी और कर्मचारियों के लिए निर्देश जारी किए हैं। कार्रवाई के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लंबे समय तक कोई भी फाइल अटकाकर न रखें। नियमित रूप से बैठक में समीक्षा के दौरान वस्तु स्थिति से अवगत कराएं। अन्यथा नियमतः कार्रवाई की जाएगी।

## जन्म दिन पार्टी में दो गुटो में मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



जन्म दिन की पार्टी में दो गुटों में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सौरभ वर्मा ने शिकायत किया था कि 18 मई को अपने दोस्त आयुष, सिद्धार्थ, रोहित के साथ जन्म दिन की पार्टी करने होटल अमित पार्क में पहुंचे थे। जहाँ अज्ञात 3-4 युवकों के साथ बिना कारण गाली गलौज देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। सौरभ वर्मा ने इसका विरोध करने पर आरोपी एक साथ मिलकर आयुष पर हमला कर दिया। आरोपियों ने आयुष को लकड़ी के डंडा से मारपीट किया है। मारपीट में आयुष के सिर, चेहरे., माथे पर चोट आई है। आयुष की कार सीजी 04 क्यूसी 0024 को भी आरोपियों ने नुकसान पहुंचाया। आरोपी प्रखर चन्द्राकर को पकड़ कर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। प्रखर के सात प्रियम शरण, पुल्कीत चंद्राकर,करण सिंह शामिल था।

पुलिस पूछताछ में आरोपी प्रखर चंद्राकर का मोबाइल चेक करने पर म्युल बैंक खाता किराए में लेकर ऑनलाइन गेम के अवैध लेन देन में पुल्कित चंद्राकर शामिल होने की जानकारी सामने आई। मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी प्रियम शरण को पकड़ा गया। फरार आरोपी पुलकीत चंद्राकर, करण सिंह ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। आरोपी पुलकीत चंद्राकर को पुलिस रिमांड पर लाया गया। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## सवारी से आटो चालक ने दस हजार निकाले, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** सवारी की जेब से आटो चालक व उसका सहयोगी दस हजार रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने बॉम्बे आवास नेहरू नगर भिलाई निवासी मोहम्मद अल्ताफ और निजामी चौक फरीदनगर सुपेला इमरान को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प 1 छावनी निवासी संतोष तिवारी अपने बेटे के साथ सुपेला से केम्प-2 छावनी अपने घर आटो में सवार होकर जा रहा था। चंद्रा मौर्या टाकिज के पास आटो चालक बुकिंग में जाने का झांसा देकर दूसरा आटो पकड़ने की हिदायत दी और पीड़ित के जेब से 10 हजार 200 रुपए चोरी कर लिए।

### प्राण घातक हमला करने वाला फरार पकड़ाया

**भिलाई।** जान से मारने की नियत से हमला करने वाले फरार युवक को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प-1 छावनी निवासी प्रीतम कौर ने शिकायत किया था कि पुत्र शुभदीप सिंह उर्फ बछड़ा को रंजिश के चलते हमला करने वाले फरार आरोपी कैम्प 1 छावनी निवासी सतीश भारती को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी के साथ छोटा भांचा उर्फ राकेश, केश भुरू साथ मिलकर बीएसपी स्कूल के पीछे बछड़ा को बुलाया। आरोपियों ने मिलकर हमला कर फरार हो गए। आरोपियों के पास से पुलिस ने बेस बॉल, डण्डा एवं रॉड जब्त किया। अब तक मामले में 5 आरोपियों हेमंत कुमार ठाकुर, राकेश साहू , केश कुमार साहू , मयंक कोसले, प्रदीप कश्यप को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। फरार सतीश भी पुलिस गिरफ्त में आ गया।










नागपंचमी पर जय बल भीम समिति नयापारा द्वारा अखाड़े का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शहर विधायक गजेन्द्र यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि अखाड़ा केवल एक खेल नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपरा का जीवंत उदाहरण है।

# अखाड़ा सिर्फ खेल नहीं छग की संस्कृति, परंपरा का है जीवंत प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

यह हमारे सनातन संस्कृति के शौर्य, वीरता और अनुशासन का अद्भुत संगम है, जो युवा पीढ़ी को अनुशासित जीवन और आत्मबल की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा की जय बल भीम समिति द्वारा आयोजित यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा, बल्कि लोक संस्कृति के संरक्षण और प्रसार की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में भी सामने आया। कार्यक्रम में पार्षद मनीष साहू, गोविन्द देवांगन, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, रामसिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।







## कलाकारों ने रोमांचक करतब दिखाए

नयापारा चौक पर आयोजित एक दिवसीय भव्य आयोजन के दौरान प्रतिभाशाली अखाड़ा कलाकारों ने अद्भुत और रोमांचक प्रदर्शन से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने पारंपरिक युद्ध कौशल सहित कई हैरतंगेज खेल का प्रदर्शन किया। पारंपरिक युद्ध कौशलों का जीवंत प्रदर्शन कार्यक्रम की मुख्य विशेषता रहा।

## खबर संक्षेप



### कंडरका में अवैध शराब क्रांति सेना ने कुम्हारी थाने में सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** कंडरका में पिछले लंबे समय से स्कूल एवं सोसाइटी के पास अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इसे लेकर क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने कुम्हारी थाने में पहुंचकर मामले की शिकायत की। शिकायत करने वालों ने उचित कार्रवाई की मांग की, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच और उप सरपंच भी मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि गांव के सरपंच और उपसरपंच ने मौके पर जानकारी ली, पता चला कि वीरू धीवर नामक व्यक्ति द्वारा शराब बेची जा रही है। शिकायत करने वालों में जिला उपाध्यक्ष महेश साहू, सतीश वर्मा, अश्वनी साहू, सूरज साहू, हरीश मढ़रिया, सरपंच सिमा चुरेन्द्र, उपसरपंच संदीप यादव, यशवंत ओझा आदि शामिल हैं।

### मत्स्य कृषकों का पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य

**दुर्ग।** पीएम मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत मछली पालन व्यवसाय से जुड़े किसानों, समितियों एवं समूहों को अब केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पाने राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मछली पालन विभाग की उप संचालक सीमा चंद्रवंशी ने बताया कि पंजीयन की प्रक्रिया सीएससी के माध्यम से की जायेगी।

### कलेक्टर ने बैठक लेकर तैयारियों की ली जानकारी, 12 को रिहर्सल

# स्वतंत्रता दिवस समारोह बटालियन में सरकारी झांकियां रहेंगी मुख्य आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का आयोजन प्रथम बटालियन में किया जाएगा। ध्वजारोहण सुबह 9 बजे होगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज पूरे सम्मान के साथ फहराया जाएगा। तैयारियों को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। विभागवार जिम्मेदारी सौंपी। जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी दी जाएगी।

परेड में जिला आरक्षक बल, विशेष बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, होमगार्ड, एनसीसी एवं स्काउट गाइड शामिल होंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी प्रारंभ करने कहा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी प्रदेश की सांस्कृतिक गतिविधियां समाहित हो। कार्यक्रम स्थल में बेरिकेडिंग एवं बैठक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को साफ सफाई, पेयजल, शौचालय सहित शामियाना, कुर्सियां, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम भिलाई को, विशिष्ट अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, कार्यक्रम स्थल में चबूतरा निर्माण, झण्डे आदि की व्यवस्था के लिए लोक निर्माण व रक्षित निरीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है।

**स्कूली बच्चे प्रस्तुत करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभावान होंगे सम्मानित**



**सभी सरकारी दफ्तरों में ध्वजारोहण कराए जाने के निर्देश**

कलेक्टर ने कहा कि जनपद पंचायत मुख्यालयों पर संबंधित जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान होगा। ऐसी नगर पालिका, नगर पंचायत जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है, उनमें अध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में, गांवों के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। बैठक में अभिजीत बबन पठारे, एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ बीके दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

### मंच सजावट की जिम्मेदारी उद्यानिकी को, छोड़े जाएंगे रंग-बिरंगे गुब्बारे, योग का होगा प्रदर्शन

मंच सजावट के लिए उद्यानिकी विभाग को, विद्युत कनेक्शन, जनरेटर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम एवं विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को, सम्माननीय अतिथियों की बैठक व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को, ध्वजारोहण के बाद रंग बिरंगी गुब्बारे आसमान में छोड़ने के लिए उद्योग विभाग को दायित्व दिए गए हैं। मुख्य अतिथि का परेड निरीक्षण के लिए वाहन व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन के लिए पुस्तिका की व्यवस्था के लिए जनसंपर्क विभाग को, कार्यक्रम स्थल में उद्घोषक के लिए शिक्षा, पर्यावरण एवं आदिवासी विकास विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। प्रमुख चौक-चौराहों पर देशभक्ति गीत-संगीत के प्रसारण के लिए नगर निगम दुर्ग-भिलाई को, कार्यक्रम का विडियो एवं फोटोग्राफी के लिए जनसंपर्क विभाग एवं खनिज विभाग को जिम्मेदारी दी गई है।

### फाइनल रिहर्सल में सब कुछ ओके रखने के निर्देश, खुद करेंगे तैयारियों का निरीक्षण

कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को जिला मुख्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण किया जाएगा। परेड की सलामी ली जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन किया जाएगा। जीएडी के गाइड लाइन अनुसार ध्वजारोहण पश्चात परेड द्वारा सलामी दी जायेगी। परेड में पुलिस, नगर सेना, जेल प्रहरी, बीएसएफ, सीआईएससफ, एनसीसी एवं स्काउट गाइड भाग लेंगी। 12 अगस्त को सुबह 9 बजे रिहर्सल होना है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित होंगे। इसके लिए जिला कार्यालय प्रमुख अधिकारी 10 अगस्त तक कर्मचारियों की सूची अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में नाग पंचमी पर किया रुद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह में नाग पंचमी पर्व पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें भैया-बहनों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। विद्यालय का वातावरण शिव भक्ति से सराबोर, बिल्व पत्र, चंदन, पुष्प, हवन से वातावरण पवित्र हो गया।

■ बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे

मुख्य यजमान सरस्वती शिक्षा समिति के सहसचिव डॉ. शांति शर्मा परिवार सहित पूजन में सहभागी रही। इस अवसर पर कक्षा षष्ठम से द्वादश तक के सभी भैया, बहनें तथा कक्षा नर्सरी से द्वादश तक के अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अधिकारी संस्कृति बोध परियोजना के राकेश दुबे, विभाग समन्वयक हरिश्चंद्र साहू, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव अरविंद सुराना, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, सदस्य रोहिणी पाटणकर, प्रकाश कानाबार, प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव तथा आचार्य व दीदियाँ उपस्थित थे।

## कार्यालयों में स्वच्छता अभियान, अनुपयोगी सामग्रियों की होगी नीलामी, दिए गए निर्देश

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के कार्यक्रमों की तैयारियों के बीच कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को प्रस्तावित तिथि 1 से 16 नवंबर के मध्य होने वाले आयोजनों के संबंध में निर्देशित किया हैं। जिसके अनुसार रजत जयंती कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने कार्यालयों की गहन साफ-सफाई और अनुपयोगी सामग्री की नियमानुसार तत्काल नीलामी शुरू करने को कहा गया है। इस पहल से कार्यालय स्वच्छ और व्यवस्थित होंगे, जो रजत जयंती वर्ष के उत्सवपूर्ण माहौल के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएंगे। इसका लक्ष्य राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा के कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित और स्वच्छ परिवेश में संपन्न करना है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय लोकार्पित, भारतीय ज्ञान परंपराओं को आगे बढ़ाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

अखिल भारतीय समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के लगभग 24 पीएम श्री विद्यालय का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया गया। दिल्ली स्थित भारत मंडपम से वर्चुअल उद्घाटन किया गया। दुर्ग में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का भी लोकार्पण हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव थे। रवींद्र कुमार सहायक आयुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर, रजनी बघेल विशेष रूप से मौजूद थे। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने पौधा भेंट करके सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य, बिंदु शिवराजन एवं उषा शर्मा ने किया। गजेंद्र यादव ने कहा कि लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारतीय ज्ञान परंपरा की अपेक्षा की। उन्होंने इसका उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा था कि भारत के लोग हमारी शिक्षा से काले अंग्रेज बन जाएंगे। उनकी सोच में भारतीयता बिल्कुल नहीं होगी। रवींद्र कुमार ने नई शिक्षा नीति को व्यावहारिक और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को दिशा दे रही है। पाठ्यक्रम संरचना, बहुभाषावाद को बढ़ावा देना, व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करना और तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण गुण है। कार्यक्रम में पुष्पा बड़ा, संजीव भदोरिया, प्रकाश देवांगन, रचना पाल, गीता माली, तोशन लाल साहू, नीता दास, एमके भारद्वाज आदि मौजूद थे।



## सुशासन तिहार में मिले 116 आवेदन, 40 का मौके पर ही निराकरण

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत धमधा विकासखण्ड के ग्राम मुरमुंदा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर के माध्यम से पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही नए आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 40 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष 76 आवेदन लंबित हैं।

■ स्वच्छता दीदीयों को कीट देकर किया सम्मानित

इससे पूर्व 20 मई को आयोजित सुशासन तिहार में कुल 2630 आवेदन प्राप्त हुए थे, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थे। इनमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सर्वाधिक 1964 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को 140, ऊर्जा विभाग को 83, महिला एवं बाल विकास विभाग को 123, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 136, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 45, परिवहन विभाग को 27, श्रम विभाग को 35, स्कूल शिक्षा विभाग को 23, कृषि विभाग को 7, जल संसाधन विभाग को 8 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी देते हुए उनके शत-प्रतिशत निराकरण के बारे में बताया। इस दौरान ग्राम की स्वच्छता व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाली स्वच्छताग्राही दीदियों को 'स्वच्छता कीट' प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, जिपं. सीईओ बजरंग दुबे, जपं. पंचायत अध्यक्ष लिमन साहू आदि मौजूद थे।

## छात्राओं को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित, कॉलेज परिसर को पॉलिथीन मुक्त करने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव के निर्देश में स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें छात्राओं ने स्वच्छता के नारे लगाते हुए पांच बिल्डिंग निवासी कॉलोनी में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर को पॉलीथीन (प्लास्टिक मुक्त) बनाने के लिए सफाई अभियान चलाया एवं अन्य छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए व्यक्तिगत रूप से परिसर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है। पर्यावरण के प्रति जागरूक रखने हमें हमारे आसपास को प्लास्टिक विहीन करना होगा।

इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सिमरन लाखे, हर्शिता, कविता मालेकर, हीम कुमारी देशमुख, नीतू देशमुख, ममता महानंद ने हिस्सा लिया। स्वच्छता से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ यशेश्वरी ध्रुव ने व आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. ऋतु दुबे ने छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. मोनिया राकेश सिंह, वंदना बंजारे, विमल यादव, विजय चन्द्राकर, ओम ध्रुव, बल्ला वैष्णव, रामदास ने सहयोग दिया।



### शाहिद युवा कांग्रेस में बने राष्ट्रीय महासचिव



**भिलाई।** युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भिलाई के युवा कांग्रेस नेता मोहम्मद शाहिद को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। पूरे देश से 14 युवा नेताओं को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है, जिसमें 6 वें स्थान पर मोहम्मद शाहिद का नाम घोषित हुआ है। वर्तमान में शाहिद बिहार के वरिष्ठ प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे पहले उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान के प्रभारी रह चुके हैं। 2016 में चुनाव लड़ कर दुर्ग जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष के पद से युवा कांग्रेस में कार्य शुरू किया। 2018 में प्रदेश सचिव और 2019 में राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर बने। 2020 मार्च में राष्ट्रीय सचिव, 2022 में वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव और 2025 में राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए हैं।

### महासंघ की प्रबंधकारिणी का त्रैवार्षिक चुनाव

# वरिष्ठ नागरिक की आमसभा में घनश्याम निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ की आमसभा एवं प्रबंधकारिणी का त्रैवार्षिक चुनाव सियान सदन शांति नगर में शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। महासंघ के गरिमामय अध्यक्ष पद पर घनश्याम कुमार देवांगन आम सहमति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रबंधकारिणी के अन्य पदों पर गजानंद साहू महासचिव, अर्चना मूले एवं बलबीर सिंह सहगल उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, महेन्द्र कुमार सोनवानी संयुक्त सचिव तथा बाबूलाल साहू (कृष्णा नगर) , हुकुमचंद देवांगन कुरूद), जियालाल चौधरी ( शांति नगर), माखनलाल टंडन (कोहका), भरतलाल साहू (बोरसी) एवं सुखी राम जांगड़े कैम्प-1 ) कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए। इस चुनाव की खासियत यह रही कि प्रबंधकारिणी के सभी 12 पदाधिकारी आमसहमति से निर्विरोध निर्वाचित हुए।

■ सियान सदन शांतिनगर में कार्यक्रम का आयोजन




**उपलब्धियों की दी जानकारी :** चुनाव अधिकारी अमोलदास साहू एवं पर्यवेक्षक महेश वर्मा थे। इस अवसर पर महासचिव गजानंद साहू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अब तक की उपलब्धियों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष एमएल कश्यप ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।



### सियान आयोग के गठन की करेंगे मांग

चुनाव के बाद अपने पहले संबोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि वे सबका सहयोग लेकर वरिष्ठ नागरिकों की खुशहाली एवं उनकी समस्याओं के निराकरण लिए योजनाबद्ध ढंग से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठजनों के अनुभवों का लाभ लेकर युवाओं एवं बच्चों में अच्छे संस्कार डालने हेतु प्रयास करेंगे, ताकि आगे चलकर वे अच्छे नागरिक बनें । उन्होंने जोर देकर कहा कि महासंघ के लिए शासन से भूमि आवंटन की लंबित मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने एवं वरिष्ठ नागरिकों के हित में सियान आयोग के गठन की मांग शासन से करेंगे।



## खबर संक्षेप



### कौहेश्वर महादेव में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**पाटन।** दक्षिण पाटन की धर्म नगरी कौही में श्रावण मास के तृतीय सोमवार को कौहेश्वर महादेव मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान शिव भक्तों द्वारा विभिन्न ग्रामों से कांवर यात्रा लेकर जलाभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना किया गया। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,दिनेश साहू सदस्य जप,रश्मि वर्मा सदस्य जप, भेदप्रकाश वर्मा, डा के के साहू और हेमू सोनकर ने जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख,समृद्धि,खुशहाली की मंगल कामना की। ग्राम असोगा, बोरेंदा, रानीतराई, डिड़गा, चूलगहन, जरवाय, भंसूली, निपानी, औसर, डीघारी, सेमरा और सिलघट सहित अंचल के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जीवन दीप समिति की बैठक में हुए कई निर्णय



**पाटन।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीतराई में मंगलवार को जीवन दीप समिति की सामान्य सभा रखी गई। जिससे कई निर्णय लिए गए। मुख्य रूप से डॉक्टर सुब्रत नंदी, जनपद सदस्य रश्मि वर्मा , सरपंच सत्यनारायण टिकरिहा और श्याम सुंदर हिरवानी के उपस्थिति में इस बैठक में कई निर्णय लिए गए। जैव चिकित्सा अपशिष्ठ छत्तीसगढ़. पर्यावरण संरक्षण मंडल 5/32 बंगला भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) जैव चिकित्सा अपशिष्ठ के श्रेणीवार जनन और निपटान एवं जल टैक्स की राशि का भुगतान करने 1 वर्ष हेतु अनुबंध किया जाएगा। वहीं येलो रेड, ब्लू, बार कोड स्टीकर और सफेद पालीथिन क्रय किए जाएंगे। इसी तरह अन्य सामान क्रय किए जाएंगे। बिजली बिल, फायर सेफटी और कम्प्यूटर सिस्टम पर भी चर्चा हुई। रश्मि वर्मा ने ग्राम असोगा के स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त दवाएं रखे जाने की बात कही। बैठक में भेद प्रकाश वर्मा, रामेश्वर बंजारे , राजेश सिन्हा और शत्रुघ्न मारकंडेय उपस्थित थे। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श हुआ और मरीजों को अधिक से अधिक सुविधा देने सभी ने सहमति जताई।

### आक्रोश : खुड़मुड़ा में शराब दुकान खोलने की तीखी प्रतिक्रिया

# ग्रामीणों ने कहा-गुरु घासीदास बाबा के नाम वाले वार्ड में बिल्कुल नहीं चाहिए शराब भट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05 ग्राम खुड़मुड़ा में शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया फिर से शुरू होने से ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में आक्रोश है। पूर्व जिला पंचायत सभापति एवं छाया नगर पालिका अध्यक्ष मोनू साहू ने कहा कि यह वार्ड गुरु घासीदास बाबा के नाम से है जिसमें शराब तो क्या मांस मछली भी नहीं बिकना चाहिए।

■ शासन प्रशासन का किसी भी स्तर पर जाकर विरोध करने उतारू है ग्रामीण, शराब भट्ठी का विरोध जारी

उन्होंने कहा कि 09 महीना पहले विरोध प्रदर्शन के बाद इस शराब दुकान को स्थगित किया गया था, लेकिन अब फिर से इसे खोलने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों ने दो बार पी आई सी बैठक और सामान्य सभा बैठक की, लेकिन शराब भट्ठी खोलने के विरोध में प्रस्ताव पारित नहीं कर पाए। इससे नगरवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है। नगर में भाजपा की सरकार है ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बाद भी नगर में कोई विकास की बात अभी तक नहीं हो पाई है नगर पालिका गठित होने के पश्चात तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगामी 20 वर्ष के विकास को लेकर के आधारशिला रखी थी और करोड़ों रुपए की घोषणा की थी जो आज ठंडे बस्ते में है।

**शराब दुकान की मंजूरी देने वालों पर उठे सवाल**




सत्ता पक्ष के स्थानीय जनप्रतिनिधि आज शराब भट्टी खुलवाने के लिए अनुमति प्रदान कर रहे हैं। नगर के प्रथम नागरिक को इसकी जानकारी नहीं होने की बात कही जा रही है जो बहुत ही अशोभनीय है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी इस बात की जानकारी थी। यदि जनप्रतिनिधि को मालूम नहीं है तो नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ही नगर में शराब भट्टी खोले जाने की मंजूरी को गोपनीय रखा। जिस पर सत्ता पक्ष के स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठता है। आखिर इनको इसकी बात की जानकारी क्यों नहीं या नहीं दी है।

जब नौ महीना पहले शराब दुकान खुलने वाले थे तब विरोध के बाद और पालिका चुनाव को देखते हुए स्थगन आदेश मौखिक रूप से दिया गया था। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विरोध इस बात का प्रतीक है कि वे अपने क्षेत्र में शराब की दुकान नहीं चाहते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन और सरकार इस मुद्दे पर क्या निर्णय लेती है। स्थानीय सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों का क्या भूमिका होती है। उन्होने कहा कि ग्रामीणों के विरोध के बावजूद अगर शासन प्रशासन यहां शराब भट्ठी खोलता है तो उसे जनाक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

## सुनी कारगिल युद्ध की विजय गाथा, लगाए मां के नाम पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में कारगिल विजय दिवस पर विद्यार्थियों ने सुनी युद्ध में विजय गया। राष्ट्र प्रथम के संकल्प से दी श्रद्धांजलि। लगाया एक पेड़ कारगिल शहीदों के नाम। शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में कारगिल विजय दिवस कुछ तरह से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल के मार्गदर्शन में शहीद डोमेश्वर के ज्येष्ठ भ्राता चूरामन साहू, उनके सहयोगी एक्स आर्मी सर्विस मेन लोमश यादव, ओपी साहू, सीके साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम मे शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। महाविद्यालय के विद्यार्थियों, अधिकारियों कर्मचारियों ने कारगिल शहीदों के साथ शहीद डोमेश्वर के बलिदान को भी याद किया। नेशन फर्स्ट के संकल्प को दोहराते हुए सभी से अपने कर्तव्यों को पूरी लगन से करने की बात साझा की। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और वीरता के नारों से माहौल को जोशपूर्ण बना दिया। भारतीय सेना से रिटायर छत्तीसगढ़ के सपूत लोमश यादव और ओपी साहू ने युद्ध के समय के अपने अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा किया।

■ राष्ट्र प्रथम के संकल्प से दी श्रद्धांजलि

**सेनाभर्ती तैयारियों को लेकर दी जानकारी**

पूर्व सैनिकों ने अग्निवीर, सेना मे जनरल ड्यूटी की परीक्षाओं के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विद्यार्थियों को गाइडेंस प्रदान किया। अंत में कारगिल के वीर शहीदों के नाम भी एक पौधा सुरक्षा की प्रतिज्ञा के साथ लगाया गया। अपने बीच मेडल और वर्दी धारण किए वीरों को देख नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने उनके साथ सेल्फी लेकर अपना उत्साह प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ. अरुणेंद्र तिवारी, जया रानी, श्रद्धा, जानकी, दिव्या, अनिल, प्रवीण, सरिता, खुशी, ईशा, नीता, लिलिमा सहित अन्य मौजूद थे।

## जयंती पर याद किया स्व. बेलचंदन का योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिरगा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में दाऊ कुर्मी स्वर्गीय प्यारे लाल बेलचंदन पूर्व विधायक धमधा,खेरथा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर व अन्य अतिथियों ने स्व. बेलचंदन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा उनके द्वारा किए गए सामाजिक योगदानों को स्मरण किया। विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत गुलमोहर पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं की छात्रा भारती साहू 95% एवं 12वीं की भेनेश्वरी साहू 85% को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय की स्वच्छता दीदी श्रीमती रसीदा निषाद को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया गांधीग्राम के नाम से प्रख्यात ग्राम तिरगा में स्वः प्यारेलाल बेलचंदन के नेतृत्व में स्वतंत्रता पूर्व से सेवादल का गठन हुआ था। सेवादल द्वारा ग्रामवासियों के श्रमदान से नदी के धार परिवर्तन, समाचार केन्द्र निर्माण, कुंआ, सचिवालय का निर्माण कर इतिहास रचा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन कुलेश्वरी देवांगन जिला पंचायत अध्यक्ष, राकेश हिरवानी जिला पंचायत उपाध्यक्ष, दामिनी साहू जनपद सदस्य, धसिया राम सरपंच, लिकेश्वर देशमुख मंडल अध्यक्ष, डीलेश साहू महामंत्री, मुकेश बेलचंदन विक्की मिश्रा भूपेंद्र बेलचंदन भागवत पटेल सरपंच, प्राचार्य रामटेके युवराज देशमुख टिकेश्वर देशमुख सुखदेव देवांगन कल्पना देशमुख विनय कुमार देवसिंह ठाकुर सोसाइटी अध्यक्ष, नोमिन खुटेल सरपंच, बसंती कौशल गिरवर साहू, सुखीत राम, मन्नूलाल साहू, धनश्याम देशमुख, नंदकुमार एवं दुर्गा चौधरी सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

■ विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर किया पौधारोपण



## खेल स्वस्थ जीवन की कुंजीः ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

जय बजरंग दल स्पोर्ट्स क्लब,युग युवा युगांतर उत्कर्ष समिति और ग्राम पंचायत मचांदुर के संयुक्त तत्वाधान में हरियर हरेली महोत्सव अंतर्गत कबड्डी, गेड़ी दौड़,कुर्सी दौड़,मटका फोड़ आदि कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें सर्व ग्रामीणों की सहभागिता रही। साथ ही विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में में कुल 38 टीम भाग लिये जिसमें प्रथम मतवारी,द्वितीय उतई,तृतीय मचांदुर व चतुर्थ सोढ़ रही सभी विजेता टीमों को शिल्ट व नगद पुरुस्कार दिया गया । खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन की कुंजी है। नियमित रूप से खेल खेलना, भले ही वह कम मात्रा में ही क्यों न हो, अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। आयोजन समिति ने कबड्डी मेट की मांग की जिसे पूर्व मंत्री ने सहजता से स्वीकार किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,जिला पंचायत सदस्य श्रध्दा साहू,पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर,जनपद सदस्य ढालेश साहू,सरपंच संघ अध्यक्ष ग्रामीण प्रधान युगल किशोर साहू,सचिव धारेन कुमार देवांगन,सरपंच संघ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बंजारे,सरपंच घुघसीडीह ललिता,सरपंच रिसामा रोशन लाल साहू, उपसरपंच दुष्यंत साहू,पंच असलम खान,गणपत साहू,महमूद खान,मंशाराम साहू,अशोक साहू,गोपाल साहू,मनोज गोस्वामी,लोकेश साहू,भारती यादव,शैल देवांगन, कौशिल्या साहू,चितेश्वरी साहू,गायत्री साहू,सीता निषाद,कलिंदरी देवांगन,उत्तरा गोस्वामी,आशा पटेल,दुरपत निषाद,गीता पटेल,लेखन साहू,पूर्णिमा साहू,सविता साहू,बिंदा साहू,सीमा देवांगन, ग्रामीणजन सुखराम पटेल, मंतराम यादव,बलराम निर्मलकर,रोहित चंद्राकर,नंद कुमार गजपाल,रणमत साहू, अनिल कुमार साहू,कृष्णा साहू,डिलेश्वर निषाद,चाँद खान,निरंजन राजपूत,सौरभ राजपूत,पूर्व सरपंच दिलीप साहू,गजेंद्र साहू,रविशंकर गोस्वामी,तोरण लाल साहू,जसलोक साहू,रोशन साहू,अमरीश साहू,वीरेंद्र साहू,प्रकाश निषाद,विश्वनाथ साहू,थानसिंह साहू,प्रेमलाल देवांगन, रेमन पटेल आदि उपस्थित थे।



■ मचांदुर में खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रधान पाठक को विदाई



**अंडा** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में प्रधान पाठक बाबूराय साहू की सेवानिवृत्ति पर सम्मान व विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया । अतिथियों ने बाबूराय साहू प्रधान पाठक को पुष्प गुच्छ भेंटकर शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, कविता ठाकुर सरपंच, खेमलाल चंद्राकर, भूपेन्द्र आदि उपस्थित थे।

## देवगहन में शहीदों की प्रतिमाओं को दो साल से अनावरण की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पूर्व सैनिक संघ से मुलाकात -अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम देवगहन में किसान लोकेंद्र साहू स्वयं द्वारा बनवाई गई 18 शहीदों की प्रतिमा अनावरण की मांग पर सहयोग हेतु बालोद पहुंचकर पूर्व सैनिक संघ जिला बालोद के पदाधिकारियों से मुलाकात की। विदित हो कि पिछले दो सालों से लोकेंद्र साहू शहीदों की प्रतिमा अनावरण का प्रयास कर रहे हैं, इस हेतु उनके द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय, जिला प्रशासन, एवं प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली में पत्र व्यवहार किया गया है। पिछले वर्ष शहीद परिवार द्वारा कांकेर सांसद भोजराज नाग एवं भाजपा संगठन के बड़े पदाधिकारीयों से मुलाकात कर प्रतिमा अनावरण मुख्यमंत्री के हाथों कराने की मांग की थी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद अध्यक्ष नंदकिशोर साहू उपाध्यक्ष देवेन्द्र डड़सेना एवं अन्य पदाधिकारियों ने हर संभव सहयोग हेतु आश्वस्त किया। उनका कहना है कि शहीदों की शहादत का सम्मान करना सर्वोपरि है।



## निषाद समाज का हरेली महोत्सव 2 को, चल रही तैयारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज भिलाई नगर परिक्षेत्र महिला प्रकोष्ठ द्वारा हरेली महोत्सव 2 अगस्त को कोहका भिलाई केन्द्रीय छात्रावास निषाद भवन में मनाया जाएगा। इसकी तैयारी जोरों से की जा रही है।इस अवसर पर महिलाओं व बच्चों के लिए कुर्सी दौड़, युवाओं के लिए गेड़ी दौड़ और बुजुर्गों के लिए नारियल फेंक प्रतियोगिता होगी। इस खेल में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को इनाम राशि और प्रतीक चिन्ह प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोमल देव निषाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार निषाद भोई समन्वय समिति मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जिला अध्यक्ष निषाद समाज डॉ घनश्याम निषाद, विशिष्ट अतिथि गिरवर बंटी साहू सभापति, भिलाई नगर पालिका निगम महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद और युवा अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद आदि उपस्थित रहेंगे।

## इंडस्ट्रियल सेफ्टी व फायरमैन प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरण



**भिलाई।** संस्था फायर, सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट निजी संस्थान, भिलाई, मान्यता प्राप्त सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्रालय सीटीआर, लुधियाना, पंजाब एवं आरव एजुकेशनल एवं एम्प्लोयेमेंट रिसर्च आर्गेनाईजेशन से संबंधित है। गत वर्ष सत्र 2024-25 फायर सेफ्टी प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्रों को नागेंद्र सिंह, जिला कमांडेंट, अग्निशमन विभाग दुर्ग के द्वारा सफल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया और इस मौके पर छात्र-छात्राओं को अग्निशमन और सुरक्षा प्रबंध में आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए देशहित और जनहित के कार्य में सभी की रक्षा करते हुए अपनी सेवाएं देने के गुण को छात्र-छात्राओं में साझा किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए साधना टीवी चैनल ललित साहू समाचार ब्यूरो दुर्ग के द्वारा प्रशिक्षण के उपरांत नौकरी प्राप्त कर चुके छात्रों का फायरमैन और इंडस्ट्रियल सेफ्टी ऑफिसर में चयन होने पर उनको सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी जनसंपर्क मनोज ठाकरे, ट्रेनर शत्रु लालहन धनकर, तपन कुमार विश्वास के द्वारा संस्था की तरफ से नागेंद्र सिंह जिला कमांडेड दुर्ग और साधना टीवी चैनल ललित साहू समाचार ब्यूरो दुर्ग को स्मृति चिन्ह और पुष्पमाला द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनका आभार व्यक्त किया गया।

### श्री साजा राउत मंदिर में 20 गांवों से लोग पहुंचे कोड़िया

# कांवड़ियों का विशाल जत्था निकला जलाभिषेक करने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ननकट्ठी

सावन के तीसरे सोमवार को शिवधाम कोड़िया के ' भुइं फोड़ शिव ज्योतिर्लिंग ' में जलाभिषेक करने केसरिया वस्त्र पहने कांवड़ियों के कई जत्थे बाजे गाजे के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे । प्रमुख आकर्षण श्री साजा राउत मंदिर जेवरा सिरसा से आकर्षक झाकियों के साथ आए हजारों शिवभक्त कांवड़ियों का रहा l यहां मालूद, बेलौदी, समोदा, चिखली, इंदिरा नगर, कुटेलाभांठा, खपरी, सिरसाखुर्द, जेवरा, भटगांव , कचांदुर, ढौर, नवातरिया , बासिन, करंजा भिलाई, झेंझरी, बोडेगांव, अरसनारा, रवेलीडीह, ननकटठी के कांवड़ियों के विशाल जत्थे विविध आकर्षक झाँकियों के साथ निकले। जय महामाया झांकी परिवार नागपुर (महाराष्ट्र) , अजय बाल समाज बघवा सरताज, चलती फिरती झांकियां - दो विशाल नंदी की चलित झांकी, साईं जोन डी जे, मनोज डी जे खैरागढ़, व्ही एस जोन डी जे सिरसाखुर्द, धार्मिक झांकियां - केदारनाथ मंदिर झांकी, विशाल शिवलिंग झांकी, बाहुबली हनुमान जामवंत वानर राज झांकी बैनर डी जे, बाजा गाजा के साथ पहुंची । सभी श्री साजा राउत मंदिर से जुड़े शिवभक्त थे।मन मोहक झाकियों के साथ भव्य कांवड़ यात्रियों का रास्ते के कई गावों में मुखिया सहित ग्रामीणों ने स्वागत किया। गांव में उत्सव का माहौल रहा । शिव मंदिर और मंदिर प्रांगण कांवड़ियों से भरा था। बोल बम के नारे से गुंजायमान था। इस दिव्य, ऐतिहासिक, अद्भुत नजारे को देखने गांव उमड़ पड़ा था। कलाकृति से सज्जित कांवड़ और कांवड़ियों के पोशाक मन को भा रहे थे । यात्रा मार्ग में केवल वे ही नजर आ रहे थे l सड़क के पास के मुख्य द्वार से बहुत पहले दर्शनार्थियों की दुहरी लंबी कतार घंटों लगी रही । शिवलिंग दर्शन पूजन अभिषेक करने का क्रम सबेरे से देर शाम तक चलता रहा।



**बहरा, अंधा पोमेरेनियन कुत्ता लापता**



नस्ल-पोमेरेनियन, लिंग-पुरूष, उम्र-13 साल, रंग-सफेद और भूरा, ये कुत्ता पुरी तरह से बहरा एवं आंशिक रूप से अंधा है जो गुप्ता नर्सिंग होम, मोहन नगर के सामने से लापता हो गया है।

कृपया इसे तुरन्त ढूंढने में मदद करें
9993139097
9752311341

## खबर संक्षेप

### श्री राधाकृष्ण मंदिर नेहरू नगर में भागवत कथा आज से

**भिलाई ।** श्री बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट नेहरू नगर द्वारा 31 जुलाई से 6 अगस्त तक राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर ईस्ट में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक मां चैतन्य मीरा के द्वारा कथा का वाचन रोज दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगा। भंडारी प्रसाद वितरण 6 अगस्त को दोपहर 1 बजे से होगा। स्वागतोत्सुक संजय रुंगटा, बंशी अग्रवाल मनीत जैन, मनोज देवरलिया, अनूप बंसल, अनिल अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल व विकास सिंघल हैं।

### सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई समारोह आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जुलाई माह में 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 14 कार्यपालक व 77 गैर–कार्यपालक शामिल हैं। सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन आज इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया जायेगा। गैर–कार्यपालकों को भिलाई निवास में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी जाएगी। सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में सीजीएम राजीव कुमार श्रीवास्तव, जीएम सुधीर सोरते, महाप्रबंधक सेवाराम जटरेले, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. नोहर सिंह ठाकुर, महाप्रबंधक श्याम नारायण सिंह, डीजीएम सुनील कुमार, एजीएम मोहम्मद आरिफ खान, मृदुल कुमार श्रीवास्तव, राजिल कुमार रणदीवे, दीपांकर कुमार मजूमदार, राज कुमार शुक्ला, जीएम वी पद्मिनी कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक बीरेंद्र कुमार सिंह तथा उप प्रबंधक अनिल कुमार फुले शामिल हैं।

### बेस्ट वार्ड, स्कूल और कॉलेज का किया जाएगा चयन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी के लिए स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ स्कूल और स्वच्छ कॉलेज का चयन किया जाना है। इसके लिए निगम एक प्रतियोगिता आयोजित करेगा। इस प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय आएगा। उस वार्ड, स्कूल और कॉलेज को रिवॉल्विंग अवार्ड दिया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक 2 माह में किया जाएगा। इसमें वार्डों, स्कूलों एवं कॉलेजों का मूल्यांकन स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंड के अनुसार स्वतंत्र एनजीओ के माध्यम से किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने इसे लेकर सभी स्कूलों के प्रचार्यों की मीटिंग ली। इसमें सहायक जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भिलाई की धड़कन दल्ली में सुरों के शहंशाह रफी ने जीता था संगीतप्रेमियों का दिल

विमल शंकर झा ▸▸| भिलाई

मोहम्मद रफी की यादें आज भी भिलायंस के जहन में है। रफी ने छग फिल्म के गीत झन मारो गुलेल की भी रिकार्डिंग की थी। हां तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे... जब कभी भी सुनोगे गीत मेरे, संग संग तुम भी गुनगुनाओगे..., चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे, आवाज मैं ना दूंगा.. जैसे हजारों सुरीले गीतों से देश दुनिया के करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहम्मद रफी को हमसे बिछड़े 45 बरस हो गए। लेकिन लगता ही नहीं कि वे आज हमारे बीच नहीं है। शहर के लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि सुरों के सरताज का इस्पात नगरी सहित छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है। करीब 50 साल पूर्व भिलाई आते आते रह गए रफी साहब ने आखिरकार दस साल बाद अपनी मखमली आवाज से फौलादियों का दिल लूट लिया था। कलाकारों और उनके फैन के जेहन में उनके भिलाई की धड़कन दल्ली राजहरा में हुए आखिरी यादगार शो की यादें वर्षों बाद आज भी तरोताजा हैं। 31 जुलाई को उनका दिला का दौरा पड़ने से निधन हुआ था। भिलाई के कलाकार आज भी उन्हें याद करते हैं।



## स्मृति शेष : 31 जुलाई 1980 को दिल का दौरा पड़ने से हुआ था निधन, आज भी यादें ताजा

### भिलाई बुलाने के लिए किया गया भरसक प्रयास

सेल का सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र के कारण औद्योगिक तीर्थ को यह गर्व हासिल है कि यहां बालीवुड की कई हस्तियों की जलवानुमाई हो चुकी है। पार्श्व गायक मुकेश से लेकर सोनू निगम तक अनेक गायक अपने गीतों से लोगों का दिल जीत चुके हैं। तरन्नुम ए बादशाह मो. रफी को भिलाई बुलाने की संगीत प्रेमियों की साध भरसक प्रयास के बाद भी पूरी ना हो सकी। अपने अजीम गायक के से रुबरु होने का उनका यह सपना इस्पातनगरी में तो नहीं, बीएसपी की खनिनगरी दल्लीराजहरा में कुछ साल बाद पूरा हुआ। शहर के लोग आज भी इस यादगार शो को यादकर भावविभोर हो जाते हैं। आयोजन से जुड़े लोग व कलाकार बताते हैं कि 1974-75 में किसी चैरिटी के लिए मो. रफी के लाल मैदान पावरहाउस भिलाई में स्टेज शो की तैयारी थी। लेकिन पहेल रिकार्डिंग में विलंब फिर अचानक आपातकाल लगने से उनका कार्यक्रम रद्द करना पड़ा था।



### दल्ली राजहरा में मोहम्मद रफी की मखमली आवाज ने बनाया था दीवाना

रफी के प्रेमियों ने बताया कि इसके पूर्व इसी तरह भिलाई में अपने जमाने के मशहूर गायक तलत महमूद का भी शो रद्द होते होते बच गया था। पास बंटने के बाद तलद महमूद के यहां पहुंचने पर आयोजक जब उपस्थित नहीं हो सके तो अन्य संगीत प्रेमियों ने आनन फानन में उनका अविस्मरमणीय शो नेहरु हाउस में कराया था। लेकिन सुरों के सुल्तान मो. रफी को यहां बुलाने का फौलादियों का सपना 5 साल बाद जब भिलाई की धड़कन दल्ली राजहरा में पूरा हुआ तो इस्पातनगरी सहित अंचल के हजारों संगीतप्रेमियों के लिए वह कभी नहीं भूलने वाला कार्यक्रम था। प्रसिद्ध व्यवसायी शांतिलाल जैन द्वारा अकालग्रस्त सहायता और चिकित्सालय निर्माण समिति के बैनर तले रफी की सुरमयी उपस्थिति में दल्ली स्कूल मैदान में 26 अप्रैल 1980 को हुए शंकर जयकिशन नाइट शो की यादें आज भी रफी को करीब से सुनने वाले भिलाई के लोगों के दिलों में तरोताजा हैं।

### दल्ली राजहरा में प्रस्तुति के तीन माह बाद चल बसे थे



मंजूला दास गुप्ता संगीत समिति के स्टार सिंगर विनोद वर्मा बताते हैं कि आर्केस्ट्रा के उस सुनहरे दौर में रफी के शो का आनंद लेने भिलाई सहित पूरे छग से लाखों लोग पहुंचे थे। आयोजक शांतिलाल जैने के मित्र संगीतप्रेमी व वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरलाल देवांगन बताते हैं कि रफी के भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए समाज सेवी शांतिलाल जैन ने व्यापक तैयारी की थी। उनके व्यक्तिगत खास बुलावे पर ही मो. रफी यहां आए थे। उनका यह शो आखिरी था, क्योंकि 3 माह बाद 31 जुलाई 1980 को हृदयाघात से वे चल बसे थे।

### छत्तीसगढ़ी फिल्मों में दी अपनी आवाज खूब पसंद किए गए थे गीत

बकौल शंकरलाल देवांगन कार्यक्रम में बीएसपी के मैनेजिंग डायरेक्टर शिवराज जैन सहित लाखों लोग थे। 75 हजार दर्शक तो सिर्फ कुर्सियों में बैठे थे। रफी नागपुर से बीएसपी की इंपाला कार से बाई रोड यहां पहुंचे थे और बीएसपी गेस्ट हाउस में ठहरे थे। सुबह 4 बजे तक हुए कार्यक्रम में उन्होंने अपने गीतों व सहज मेलमिलाप से सभी का दिल जीत लिया था। कलाकार नकुल महलवार बताते हैं कि कहि देबे संदेश के बाद रायपुर के फिल्म निर्माता निर्देशित दूसरी छत्तीसगढ़ी फिल्म घर द्वार के लिए भी मो रफी ने तीन हिट गाने गाए थे। सुन सुन मोर मया पीरा रे, झन मारो गुलाल और गोंदा फुलगे मोरा राजा गीत गया था। इस फिल्म की गीत रायपुर के प्रसिद्ध साहित्यकार हरि ठाकुर ने लिखे थे और दुर्ग के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता स्व. शिवकुमार दीपक ने भी अभिनय किया था।

### मोहम्मद रफी ने छत्तीसगढ़ी फिल्म घर द्वार के तीन गीतों को दिया स्वर

26 अप्रैल 1980 को दल्ली राजहरा में हुआ पार्श्व गायक मो. रफी के जीवन का आखिरी शो कई माएनों में यादगार था। कलाकारों के मुताबिक अल्पवृष्टि से पड़े अकाल के पीड़ितों व अस्पताल निर्माण के लिए दल्ली के प्रतिष्ठित व्यवसायी शांतिलाल जैन आयोजन समिति गठन की पहल की। इतना ही नहीं रफी को शो के लिए तैयार करने में भी उनका योगदान रहा। मुंबई में उनके आफिस के निकट बालीवुड के मशहूर तलवारबाजी स्टंट अभिनेता पी जयराज का घर था जो शांतिलाल जैन के साथ रफी के भी मित्र थे। जैन ने जयराज के साथ जब रफी से अस्पताल व अकाल पीड़ितों के लिए दल्ली में शो के लिए आने का आग्रह किया तो सर्दी जुकाम से पीड़ित होने के बाद भी सामाजिक उद्देश्य सुनकर रफी सहर्ष तैयार हो गए थे। शंकर जयकिशन नाइट के नाम से हुए इस शो में मोहम्मद रफी व तितली उड़ी फैन गायिका शारदा, गायक मन्ना डे, संगतीकार शंकर जयकिशन, अभिनेता पी जयराज सहित 12 गायक व अभिनेता कलाकारों यादगार प्रस्तुति दी थी।

## श्रेय की राजनीति : भिलाई के विकास कार्यों के लिए शासन से जारी हुई राशि

# 9 करोड़ रुपए की लागत से होगा शहर का विकास, श्रेय लेने की मच रही होड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

राज्य सरकार ने नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 1,2 व 3 के विकास के लिए 9 करोड़ 11 लाख 51 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। इसकी जानकारी मिलते ही भाजपा नेताओं में मद को लाने का श्रेय लेने की होड़ मच गई है।

वैशाली नगर विधायक के मीडिया प्रभारी ने प्रेस रिलीज जारी कर जानकारी दी है कि विधायक रिकेश के प्रयास से नगरीय प्रशासन और विकास संचालनालय छत्तीसगढ़ सरकार ने वैशाली नगर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 11 लाख 51 हजार रुपये की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर मिली है। इसके लिए उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा के विभिन्न वार्डों के लिए सड़क डामरीकरण और पाथवे के लिए उक्त राशि 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इस राशि से वार्ड-4 नेहरू नगर पूर्व और नेहरू नगर पश्चिम के डामरीकृत मार्गों का उन्नयन, वार्ड-12 रानी अवंती बाई कोहका भिलाई शिक्षक नगर, वॉलीवाल ग्राउण्ड के आस-पास एवं ईदगाह चौक से दादू साहू के घर तक डामरीकरण मार्गो का नवीनीकरण, जोन 1 नेहरू नगर वार्ड-9 राजीव नगर के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण, वार्ड-3 विनोबा नगर में मुख्य मार्ग से विनोबा नगर मुक्तिधाम मार्ग के दोनो ओर, रामचंद्र नर्सरी से गायत्री डिपार्टमेंटल मार्ग एवं सूर्या अपार्टमेंट से शिवाजी चौक तक वृक्षारोपण, वार्ड-6 संजय नगर शिव मंदिर से जोशी च्वाईस सेंटर तक डामरीकृत मार्ग का उन्नयन, वार्ड-13 पुरानी बस्ती कोहका जी 9 टावर से राजा गार्डन एवं साकेत नगर में डामरीकरण मार्ग का नवीनीकरण, वार्ड-20 वैशाली नगर में शिव मंदिर से विजय तिवारी घर के सामने तक, सिंधु भवन के सामने एवं त्रिकोर्णा पार्क के तीनों तरफ सड़क डामरीकरण, वार्ड-25 जवाहर नगर एमआईजी लाइन के आस पास मार्ग का डामरीकरण, जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत सड़कों का संधारण (पेच) रिपेयर, वैशाली नगर ईडब्लूएस कॉलोनी में ईडब्लूएस 215 से पोल नंबर 14/57 10 तक डामरीकृत मार्ग का नवीनीकरण, वार्ड-14 शांति नगर में सड़क 23, 24, 25, 26 एवं क्रास सड़क और पोल नंबर 14/307 से पोल नंबर 14/317 तक एवं दशहरा मैदान हनुमान मंदिर के सामने से पोल नंबर 14/596 तक सड़क डामरीकरण, वार्ड-29 वृंदा नगर में पोल नंबर 29/326 से रंजना देवी निवास होते हुए चैता मैदान तक डामरीकरण कार्य, जोन-3 क्षेत्रांतर्गत 18 नंवर रोड के शेष भाग में डामरीकरण, जोन-3 अंतर्गत वार्ड-36 श्याम नगर अंतर्गत जलेबी चौक से राजस्थान होटल तक डामरीकरण, नेहरू नगर चौक, सुपेला चौक, चंद्रा मौर्या चौक, पावर हाउस चौक, खुर्सीपार चौक, छावनी चौक एवं सूर्या मॉल चौक में मार्गों को लेफ्ट फ्री करने, नपानि भिलाई क्षेत्रांतर्गत जामुल ट्रेंचिंग ग्राउण्ड, इंदू आईटी स्कूल के पीछे तथा कुरुद एसएलआरएम सेंटर के समीप प्लांटेशन कार्य, वार्ड-11 फरीद नगर, सुंदर नगर, दुबे डेयरी जुनवानी रोड के पीछे एवं लिम्हा तालाब के चारों ओर पेवर ब्लॉक लगाने, वार्ड 11 फरीद नगर में डामरीकरण शामिल हैं।

## पार्षदों का कहना उनके प्रयासों से मिली राशि, विधायक बता रहे उन्होंने दिलाई स्वीकृति




### नेता प्रतिपक्ष ने कहा सभी पार्षदों की मांग को सुना गया, प्रस्तावों पर मिली है स्वीकृति

राज्य सरकार से स्वीकृत इसी विकास की राशि को दिए जाने पर नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को फेसबुक पर बधाई दी है। उन्होंने मीडिया में प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि हम सभी पार्षदों की मांग पर और निगम आयुक्त द्वारा भेजे गए पत्र कमांक 2075 एवं 2073 पर छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संज्ञान लिया। उनकी अनुशंसा पर नगर पालिक निगम भिलाई के विकास कार्य के लिए जोन 1,2,3 के अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत प्रस्तावों पर 911.51 लाख की स्वीकृति मिली है।

# रावघाट के 4 हजार बच्चों को मिल रहा मिल्क गिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र फौलाद ढालने के साथ शिक्षा और बच्चों के विकास के लिए भी प्रयास कर रहा है। निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत समाज के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए की गयी पहलों ने पिछड़े व दूरस्थ क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। स्कूलों में अतिरिक्त क्लासरूम की व्यवस्था, बाउंड्री वाल निर्माण, शौचालय व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं व छात्रवास की व्यवस्था शामिल है।युवाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण और महिला सशक्तिकरण के लिए भी अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। शिक्षा व बच्चों के विकास की मुहिम के तहत रावघाट खदान के समीपस्थ गाँवों में गिफ्ट मिल्क योजना बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने में अहम योगदान देने के साथ स्वस्थ समाज के निर्माण और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में एक कारगर प्रयास सिद्ध हो रहे हैं। एनडीडीबी फाउंडेशन फार न्यूट्रिशन (एनएफएन) के साथ समझौता कर रावघाट क्षेत्र के कुल 82 शासकीय विद्यालयों के 4 हजार विद्यार्थियों को प्रतिदिन 200 मिली फोर्टिफाइड दूध का वितरण किया जाता है।

### 2 सौ एमएम फ्लेवर्ड मिल्क की सप्लाई

खदान क्षेत्र के बफर जोन गांवों में विटामिन ए और डी से भरपूर 200 मिलीलीटर फोटऍफाईड फ्लेवर्ड दूध की आपूर्ति और वितरण के लिए सेल–बीएसपी और एनडीडीबी फाउंडेशन फर न्यूट्रिशन (एनएफएन) के बीच मार्च 2023 में एक एमओयू साइन किया गया था, जिसकी शुरुआत सेल अध्यक्ष 18 अप्रैल 2023 को किया था। इस समझौता ज्ञापन के तहत छत्तीसगढ़ के कांकेर, नारायणपुर, मोहला–मानपुर अंबागढ़ चौकी, बालोद जिलों के सरकारी स्कूलों या अन्य स्कूलों के लगभग 4 हजार स्कूली बच्चे गिफ्ट मिल्क योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। परियोजना में रावघाट, महामाया और दुलकी माइंस बफर जोन के गावों को भी शामिल किया गया हैं।

### प्राध्यापक बंटा रहे हाथ

एनएफएन की कार्य गुणवत्ता वाले दूध की आपूर्ति सुनिश्चित करना और चयनित स्कूलों में गिफ्ट मिल्क स्कीम का सुचारू क्रियान्वयन करना और उसका रिकार्ड रखना है। स्कूल के प्रधानाध्यापकों के माध्यम से दूध के दैनिक वितरण और उसके कुल उपभोग की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किये गये हैं । वे नियमित अंतराल पर स्कूलों का दौरा कर आपूर्ति किए गए दूध का डेटा/रिकार्ड रखते हैं।

## बीएसपी कर्मियों की पत्नियों को सुरक्षा में मदद करने किया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के कर्मचारियों की पत्नियों के लिए विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला हम भी है तैयार का आयोजन एलएंडडी विभाग के सभागार में किया गया। 15 महिलाओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि सीजीएम त्रिभुवन बैठा थे। जीएम मुकुल सहारिया ने कहा कि महिलाएँ भी नागरिक सुरक्षा को लेकर कार्यशाला मेंअधिक संख्या में भाग लेकर सुरक्षा में मदद करें।



कार्यशाला का उद्देश्य किसी भी आपदा, विपरीत परिस्थिति व संकटकालीन समय में गृहणियों को धैर्य व हिम्मत के साथ कैसे कार्य करना है, संकट से जूझना व उसका सामना करना, अपना व साथी का बचाव कैसे करना है, पीड़ति को सहारा देना, ट्रांसपोर्ट करना व प्राथमिक उपचार आदि विषयों पर समझ को बढ़ाना है। अतः गृहणियों को नागरिक सुरक्षा संगठन, छत्तीसगढ़ ने लिया है कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। महिलाओं को सुरक्षा उपायों के प्रति जागरुक किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल महाविद्यालय, नागपुर (राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा महाविद्यालय) से प्रशिक्षित प्रशिक्षक स्वतंत्र कुमार ने घरेलु सुरक्षा, घरेलु उपकरण, विद्युत सुरक्षा पर व्याख्यान दियामास्टर तकनीशियन सुरेन्द्र नंदेश्वर ने बचाव सेवा व नर्सिंग ऑफिसर दिनेश एस ग्वाल ने प्रथमोपचार की जानकारी दी। एसएमएस-3 के कर्मचारियों की पत्नियों ने सुरक्षा कार्यशाला को बहुउपयोगी बताया ।

## धू-धूकर जली कार, दमकल ने बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग जिले के पुलगांव क्षेत्र में रिषभ सिटी के सामने खड़ी कार में बुधवार शाम अचानक एक कार में आग लग गई। आग ने कार को चारों तरफ से घेर लिया। मामले की जानकारी मिलते दी ही दुर्ग से एसडीआरएफ की टीम फायर ब्रिगेड के साथ पहुंची और समय रहते आग पर काबू पाया।

दुर्ग जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलगांव पुलिस के द्वारा उन्हें सूचना मिलती की पुलगांव चौक के पास रिषभ सिटी के सामने एक कार में आग लग गई है। उन्होंने तुरंत दमकल की एक टीम को वहां भेजा। टीम ने जाकर कार सीजी 07 एमए 9197 में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। आग की लपटों ने कार को पूरी तरह से घेर लिया था।



जब तक आग बुझाई जाती कार बुरी तरह से जल गई थी। जानकारी के मुताबिक जिस कार में आग लगी है वो किसी श्रीजय सुख की बताई जा रही है। अग्निशमन कर्मियों ने कार में लगी आग को बड़ी बहादुरी से 1 गाड़ी पानी से कंट्रोल किया। इससे एक बड़ा हादसा होने से टला। आग किस कारण से लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी

# एसएसपी ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, कैमरे बढ़ाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शहर के रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने एसएसपी विजय अग्रवाल पहुंचे। इस दौरान एएसपी अभिषेक झा रेल पुलिस बल, जीआरपी के अधिकारीगण मौजूद थे। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा, तकनीकी निगरानी, साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर कई आवश्यक निर्देश एसएसपी ने दिया।

■ सुरक्षा को लेकर निर्देश भी

निरीक्षण में एसएसपी स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से पूर्व अक आधारित फेस रिकग्निशन कैमरा लगाने को कहा गया। जिससे स्टेशन परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान असानी से हो पाए। स्टेशन के अंदर 36 कैमरे स्थापित हैं। जबकि कुल 48 कैमरों का प्रस्ताव था।

शेष कैमरों की स्थापना जल्द होना है, पुराने एवं अव्यवस्थित कैमरों के स्थान पर बुलेट कैमरे लगाने को कहा गया। लिफ्ट सीढ़ी, एस्केलेटर जैसे स्थानों पर कैमरों की उचित ऊँचाई व स्टैंड पर सटीक स्थापना हो। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में प्रकाश व्यवस्था में सुधार करने को कहा गया है। कैमरे के पीछे लाइट हो, जिससे रिकॉर्डिंग क्लीयर दिखे। जीआरपी और आरपीएफ को संयुक्त रूप से टिकट काउंटरों के आसपास घूम रहे संदिग्धों की चेकिंग करने स्थानीय पुलिस और बीडीएस टीम के सहयोग से मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा है।



### आरपीएफ का भी लॉकअप किया चेक

निरीक्षण में एसएसपी ने आरपीएफ थाने के लॉकअप में गेट पर जाली लगाने, आरपीएफ डेस्क पर पुलिस कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर अंकित करने को कहा है। इसके अलावा नशा करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नशा मुक्ति केंद्र भेजने और जिला पुलिस द्वारा तैयार साइबर जागरूकता, जिंगल्स को स्टेशन पर प्रसारित करने का निर्देश दिया है। एसएसपी ने जिगजैग बेरिकेड्स की सराहना करते हुए कहा कि व्यवस्था को जिले में भी अपनाया जाने को कहा है। आरपीएफ व जीआरपी के लिए समय-समय पर साइबर अपराधों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की भी आवश्यकता बताई है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कहा कि रेलवे स्टेशन जैसी संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के सभी आयामों पर सघन कार्य होना आवश्यक है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

04

परंपरा का फैशन

## लाइव इवेंट

### कराते चैम्पियनशिप में सफल खिलाड़ियों को मिला बेल्ट



**भिलाई।** कारा कु जु बो काई कान फुल कॉन्टेक्ट कराते की जिला स्तरीय ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन वैशाली नगर में किया गया। संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरी राव के निर्देशन में परीक्षा आयोजित की गई। इस अवसर पर कविता मिश्रा, राजन श्रीवास्तव और शहजाद भाई उपस्थित थे। ग्रेडिंग परीक्षा में खिलाड़ियों को बेसिक, काता, कुमिते, एटीकास, स्टेमिना, एक्सरसाइज़ व फुल कॉन्टेक्ट शैली से फाईट करवाया गया। परीक्षक के रूप में सेम्पाई जे पी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, भरत लाल साहू, लक्ष्मी तिवारी, अनुज दहाटे, विधि मिश्रा, काजल बेहरा, मुस्कान मुदड़ा उपस्थित थे। खिलाड़ियों को अतिथियों ने प्रमाणपत्र व बेल्ट देकर सम्मानित किया। ग्रेडिंग परीक्षा सफल स्टूडेंट्स में ब्राउन बेल्ट द्वितीय महक फातिमा, ग्रीन बेल्ट प्रथम काविश सूरी, काशवी सूरी, येलो बेल्ट प्रथमः आर स्नेहा, ब्लू बेल्ट द्वितीय तेजस पाल, आस्था टंडन, अयान श्रीवास्तव, ब्लू बेल्ट प्रथम ऋषभ थापा, आदर्श थापा, नारला वामसी, अदिति सिंह, अवनी सिंह, ऑरेंज बेल्ट निधि कनौजिया, नवीशा बडेरा, अक्षिता सिंह, लोकांक्षी सिंनहा, आदिबालाजी, कपीश देवांगन, धवन साहू, आयशा सिद्दीकी, फातिमा जवेरिया, फातिमा अंसारी, अक्षिता सिंह, आदित्य यादव, योगांशी सिंह, दरक्षा परवीन, अलीशोर बानो, ईशा फातिमा, आराधना ध्रुव, जागृति ध्रुव, नूरी फातिमा, आयत फातिमा, अनुषा आलम, शिफा खान, नूर बानो, आमना घुसरा, अनिमा बेगम, अलीया अंसारी, सिद्धार्थ नायक शामिल हैं। संस्था के डायरेक्टर कराटे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सेंसाई गिरी राव ने समस्त प्रशिक्षक केंद्र के प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### वॉलीबॉल टूर्नामेंट में डीपीएस की टीमों की शानदार जीत




**भिलाई।** टेक्नो इंडिया स्कूल दुर्गापुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-2 वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भिलाई की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर गर्ल्स टीम अंडर-14 वर्ग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सीनियर गर्ल्स टीम अंडर-19 ने कांस्य पदक जीता। जूनियर गर्ल्स टीम ने 7-9 सितंबर 2025 तक जागरण पब्लिक स्कूल वाराणसी में आयोजित होने वाले सीबीएसई राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई किया। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र भर के शीर्ष स्कूलों ने भाग लिया, जिससे यह जीत और भी प्रतिष्ठित हो गई। हमारे युवा एथलीटों ने पूरे आयोजन के दौरान उत्कृष्ट खेल भावना, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और हमारे समर्पित प्रशिक्षकों, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। स्कूल प्रबंधन सभी खिलाड़ियों को स्कूल का नाम रोशन करने के लिए हार्दिक बधाई देता है। उनकी जीत ने हमें अपार गर्व और खुशी से भर दिया है। कोच रितिका गुप्ता, मैनेजर सेसविन एगस्टिन की भूमिका अहम रही।

### ओबेरायज म्यूजिकल ग्रुप का याद ए रफी कार्यक्रम कलामंदिर में आज



**भिलाई ।** प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा ओबेरायज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मशहूर पार्श्व गायक मो. रफी की 45 वीं पुण्य तिथि पर 31 जुलाई गुरुवार को शाम 7.30 बजे याद ए रफी कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया है। कार्यक्रम में गायक गिरीश त्रिवेद( बिलासपुर), इकबाल सिंह ओबेराय( रायपुर), डां. जावेद अली खान, धर्मेंद्र रावल व भिलाई से पीटी उल्लास कुमार, देवव्रत राय, सजीव सुधाकरन, परन भाटिया, अक्षय फिलिप्स, वीणा माखीजा, सरोज खत्री,मधुरिमा रे और तान्या समदर रफी के गीतों से विभोर करेंगे। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी रायपुर के एनाउंसर दीपक हटवार व भोपाल के विजय मनवानी करेंगे। म्यूजिकल ग्रुप के संचालक इकबाल सिंग ओबेराय ने बताया कि मुख्य अतिथि बीएसपी के ईडी पवन कुमार होंगे। आर्केस्ट्रा में सिथेसाइजर में कलाकार तरुण पहाड़े, की बोर्ड मिलाप राजेवार, गिटार अमित पाल, आक्टोपेड मनोज, आक्डोपेड कमल जानी, ढोलक संतोष महानंद और तबले पर राज नायक संगत करेंगे। आयोजक इकबाल सिंह ओबेराय ने संगीतप्रेमियों से कार्यक्रम का लुत्फ उठाने की अपील की है।

### हरीश को वस्तु शास्त्र में मिली डॉक्टर की उपाधि



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष जामुल निवासी हरीश वर्मा को जॉर्जिया यूनिवर्सिटी के समारोह में वस्तु शास्त्र में डॉक्टर की अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अब हरीश वर्मा अपने नाम के आगे डॉक्टर लगा सकते है। इस दौरान देश भर से पहुंचे 36 लोगों को अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर लोगों ने इन्हें बधाई दी।

● जयंती स्टेडियम मैदान में पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा प्रारंभ

# जहां भी होती है शिव महापुराण कथा, वह स्थान बन जाता है कैलाशधाम, बस आपको भोलेबाबा पर विश्वास होना चाहिए

**भिलाई। जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर के मैदान में शिवमहापुराण की कथा बुधवार से प्रारंभ हुई। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हर वर्ष सावन के पूरे एक महीने भक्तों को ऑफलाइन ही शिव महापुराण कथा सुनने को मिलती थी। लेकिन इन दो वर्षों में केवल भिलाई ही एक मात्र स्थान है, जहां सावन के पवित्र महीने में शिवमहापुराण कथा का ऑफलाइन आयोजन हो रहा है। यह भोले बाबा की कृपा से ही संभव है। कथा में पहले दिन पूर्व गृहमंत्री और वन विकास प्राधिकरण के चेयरमैन रामसेवक पैकरा, पूर्व मंत्री पूनम चंद्राकर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पत्नी वीणा सिंह, उनकी बड़ी बहन ईला कल्चुरी, रेणु सिंह, भिलाई उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह सहित अन्य कथा सुनने पहुंचे।**

पहले दिन की कथा में प्रदीप मिश्रा ने कहा कि आज स्कंदषष्ठी है। सावन के पवित्र महीने में यह स्कंदषष्ठी वर्ष में केवल एक बार आती है। इसी दिन शिवजी ने अपने पुत्र कार्तिकेय (स्कंध भगवान) को अनेक वरदान दिए थे। 33 कोटि देवताओं ने भी उन्हें अनंत वर दिए थे। आज के दिन स्कंद भगवान को केवर स्मरण करने से शिवजी की अनंत कृपा प्राप्त होती है।

पं. मिश्रा ने कहा कि जिस भी घर में परिवार में कलेश हो, विवाद हो, संबंध टूट रहे हों तो शिवलिंग के मध्य भाग में स्थित स्कंद भगवान को समर्पण भाव से जल अर्पित करें, एक बेलपत्र, एक दुर्वा और एक सफेद पुष्प अर्पित करें, तो शिवजी की अनंत कृपा प्राप्त होगी और परिवार में पुनः प्रेम बढ़ जाएगा।

कथा में पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जहां पर शिव कथा होती है, चाहे वह पंडाल हो या ऑनलाइन हो या फिर टीवी स्क्रीन के सामने भक्त बैठकर कथा सुन रहे हों वह स्थान 7 दिनों के लिए कैलाश धाम बन जाता है। शिवजी ने तुमरुका से कहा कि ऐसे अनेक भक्त हैं जो कैलाश धाम तक नहीं आ पाते, इसलिए शिवमहापुराण की कथा जहां पर चलती है, वही कैलाशधाम हो जाता है। मृत्युलोक, भू मंडल पर जहां शिव कथा होगी, वहीं पर कैलाशधाम आ जाता है, शिवजी परिवार सहित पूरे दिन वहीं पर विराजते हैं।



### कथा सुनते समय मन में विश्वास जरूरी

पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जिस तरह भगवद् गीत, रामचरित मानस समेत अन्य ग्रंथ, पुराणों सुनने का एक नियम होता है, उसी तरह शिव कथा का भी एक नियम है। इसका सबसे बड़ा नियम है कि जिस समय भी आप बैठकर शिव कथा सुनो उस समय केवल मन में पूरा विश्वास होना चाहिए। मन में केवल एक ही भाव होना चाहिए कि यह कथा मैं नहीं मेरा शिवजी सुन रहे हैं। आपके मन में यदि शिवजी के प्रति विश्वास है तो पंडाल में जहां पर जगह मिले वहीं पर बैठकर कथा का श्रवण करें। यदि आपके मन में शिवजी के प्रति विश्वास नहीं है तो कही पर जाने की जरूरत नहीं है। आप घर ही बैठो। घर छोटी सी झोपड़ी हो या बड़ा सा महल हो, यह कोई मायने नहीं रखता। शिवपुराण कथा कहती है कि आपके घर में रहने वालों का व्यवहार कैसा है।

### भगवान के झगड़े की कथा सुनाई

पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि बैकुंठधाम में एक बार भगवान नारायण और मां लक्ष्मी में झगड़ा हो गया। तब भगवान नारायण हंसने लगे। भगवान को हंसता देख मां लक्ष्मी रूष्ठ हो गईं और उन्हें श्राप दे दिया। एक बाद ब्रह्म लोक में यज्ञ के दौरान मां ब्रह्मानी की प्रतिक्षा नहीं करने पर वे ब्रह्माजी से रूष्ट हो गईं और उन्हें श्राप दे दिया कि जो पूरे संसार में केवल पुष्कर को छोड़कर आपका कहीं मंदिर नहीं होगा। केवल मृत्युलोक ही ऐसा है जहां के अधिपति शिवजी हैं। वे अपने भक्तों को संदेश देते हैं कि चाहे गुफा में रहो, कुटिया में रहो परिवार में अच्छा माहौल है तो वह परिवार ही सुखी है। इसलिए कथा सुनें और तय करें कि घर का माहौल आपको कैसा रखना है। जिस तरह घर को साफ रखना जरूरी है, उसी तरह मन को भी साफ रखना जरूरी है।

### भक्तों ने पत्र लिखकर बाबा की कृपा बताई


जयंती नगर दुर्ग की रामेश्वरी साहू ने पत्र में बताया कि शादी के 15 साल बाद भी उनकी कोई संतान नहीं हो रही थी। डॉक्टर, वैद्यो को दिखाया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। माता-पिता ने 2020 में पं. प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने की सलाह दी। कथा सुनी तो विश्वास जागा। पशुपति व्रत किया। सफेद आंकड़े की जड़ बांधी। 2024 में बाबा की कृपा से संतान की प्राप्ति हो गई। राजिम निवासी योगिता शर्मा ने पत्र में बताया कि उनके बड़े बेटे ने यूपीएससी मं तीन बार परीक्षा दी, इंटरव्यू दिया, लेकिन सलेक्शन नहीं हा पाया। बेटे के साथ सिंहोर जाकर कंकर शंकर की पूजा की। रतलाम जाकर कथा सुनी। कथा सुनने के दौरान सातवें ही दिन उसकी नौकरी के लिए भोलेबाबा की कृपा से लेटर आ गया। आज उनका बेटा सेंट्रेल गर्वमेंट की नौकरी कर रहा है। तुमसर महाराष्ट्र की महिला ने पत्र में बताया कि नागपुर की कथा में बेटे के लिए सरकारी नौकरी की कामना बाबा से की थी। 19 साल का होते ही बेटे की इंडियन आर्मी में नौकरी लग गई। वह फिराजपुर पंजाब में ड्यूटी दे रहा है। मालवीय चौक, दीपक नगर की हेमा चंद्राकर ने बताया किदो बार कथा सुनी, 16 साल भले किराए के मकान में रहे, अब दो-दो मकान मिल गए।

# औषधियों के 251 कलश से गिरनार तीर्थ के मूलनायक नेमीनाथ का अभिषेक

**भिलाई।** आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं सहजानंदी वर्षावास समिति में गिरनार मंडन नेमीनाथ परमात्मा का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। आचार्य विराट सागर की पावन निश्रा में विभिन्न औषधियों के 251 कलशों से परमात्मा का भव्य अभिषेक किया गया। नवकार भवन ऋषभ नगर में आयोजित कर अत्यंत उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महोत्सव में परमात्मा की श्याम वर्णी प्रतिमा का विभिन्न औषधियों से अभिषेक किया गया। संगीत की स्वर लहरियों के मध्य झूमते नाचते गाते पूजन में परमात्मा का पूजा किया गया। समाज के लोगों ने बताया कि जीवदया





प्रतिपालक, आबाल ब्रह्मचारी, जैनों के 22 वें तीर्थंकर गिरनार मंडन नेमीनाथ परमात्मा का जन्म श्रावण शुक्ल पंचमी को हुआ था। आज के दिन को संपूर्ण विश्व में जैन समाज के द्वारा जीव दया दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूजन के के बाद आरती एवं मंगल दीपक की गई।

# रोटरी क्लब ने बारिश से बचाव के लिए सरकारी स्कूलों में बांटे 250 रेनकोट




**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए एक सराहनीय पहल की है। रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर द्वारा समाजसेवा की भावना के अंतर्गत जुनवानी स्थित शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए 250 रेनकोट वितरित किया। बच्चों को हैंडवाश करने के सही तरीके से अवगत कराया। इस आयोजन में क्लास 1 से 7वीं तक के बच्चों को रेनकोट वितरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, केतन सांघवी, अचल सूरी, अभिनव अग्रवाल, मलय जैन, दिलीप गोल्छा उपस्थित रहे।

आईआईटी भिलाई कैम्पस में 10 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

# आईआईटी के एक्सपर्ट दे रहे ट्रेनिंग, नए इनोवेटिव आइडिया पर किया जा रहा मंथन



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई कैम्पस में विशेषज्ञों द्वारा रेलवे के लोको शेड कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 1 अगस्त तक चलने वाले इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में नए इनोवेटिव आइडिया, फील्ड में सामने आने वाली परेशानियों की तकनीकी समाधान तलाशा जा रहा है। अपने तरह के इस यूनिक ट्रेनिंग प्रोग्राम में रेलवे के बड़े इंजीनियर और अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्युत इंजनों के संचालन और रखरखाव में लगे एसईसीआर कर्मियों के तकनीकी कौशल और क्षेत्र विशेषज्ञता को बेहतर करना है। आईआईटी भिलाई के डॉ. अविषेक अधिकारी, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पहल सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटकर लोको शेड कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। निदेशक राजीव प्रकाश ने उन्मुखशैक्षणिक गतिविधियों एवं क्षमता निर्माण के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर एडीआरएम बजरंग लाल अग्रवाल ने प्रतिभागियों को कार्यशाला का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।




### देश के विकास में रेलवे की भूमिका और कार्यों की दी जानकारी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने कहा कि दशकों से देश के विकास में भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका महत्वपूर्ण हैं। आईआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों और रेलवे के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की प्रशंसा की। अमित गुप्ता, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर लोको शेड ने ऐसे ज्ञान-साझाकरण प्लेटफार्मों के महत्व पर जोर दिया और प्रतिभागियों से आईआईटी भिलाई द्वारा प्रस्तुत सीखने के अवसर का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। डॉ. शैलेन्द्र कुमार सहायक प्राध्यापक विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने दपूमरे के समर्थन और सहयोग तथा सभी सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को लेकर लिया गया निर्णय

आयोजित प्रशिक्षण सत्र में भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान रेलवे के इंजीनियरों और आईआईटी के विषय विशेषज्ञों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया केंद्र सरकारी द्वारा रेलवे को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की दिशा में काम शुरू किया गया है। ताकि रेलवे का परिचालन बेहतर किया जा सके। तकनीकी उपकरणों के माध्यम से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इससे आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम आगे बढ़ सके।

### परिचालन दक्षता बढ़ाने ट्रेनिंग पर दिया गया जोर

विशेषज्ञों ने परिचालन की दक्षता के लिए ऐसी ट्रेनिंग को काफी उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि यह दस दिवसीय प्रशिक्षण में उद्योग-अकादमिक साझेदारी को मज़बूत करने और भारत के सबसे महत्वपूर्ण परिवहन क्षेत्रों में से एक की परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. ललित कुमार साहू एवं डॉ. शैलेंद्र कुमार ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया। कार्यक्रम उद्घाटन समारोह में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित थे। लोकोशेड के कर्मचारियों ने फील्ड में सामने आने वाली परेशानियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कई बार ऐसी दिक्कत होती है, जिनका समाधान तत्काल संभव नहीं हो पाता है, इसे लेकर फील्ड विजिट करने पर सहमति बनी।

## धर्म इवेंट

### बाल व्यास ने सुनाई अवधूतेश्वर महादेव की कथा, मनाई नागपंचमी



**भिलाई।** जिले के सबसे प्राचीन शिव मंदिर शिव पुराण कोकड़ी मंदिर में शिव महापुराण कथा जारी है। तीसरे दिन बृजवासी कथावाचक धीरेन्द्र महाराज ने श्रोताओं को भगवान शिव विभिन्न कथाओं को श्रवण कराया। कथाओं में बाल व्यास ने शिव के अवधूतेश्वर महादेव अवतार, नादर की काम विजय कथा, विश्व मोहिनी अवतार कथा एवं हनुमान जी के जन्म की कथा सुनाई। हनुमान के जन्म की कथा, नागपंचमी पर्व की कथा आदि का रसपान कराया गया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले भगवान की कथाओं को श्रवण करो, चिंतन करो और भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित करो। इससे भगवान को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। आज कथा में खैरागढ़ से पहुंचे संतोष मौर्या ने बाल व्यास का सम्मान किया गया। कथा के मुख्य यजमान फूलचंद मौर्या एवं धीरेन्द्र महाराज बृजवासी द्वारा पूजन करने के उपरांत कथा प्रारंभ की। संगीतमय शिव पुराण कथा में भगवान शिव और माता पार्वती एवं हनुमान की सुंदर झांकियों का दर्शन कराया गया। कथा का आयोजन शिव कोकड़ी मंदिर प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर पं. गिरीश कटारे, फूलचंद मौर्या, गजानन पटेल, डोमार वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## लीनेस क्लब का सेवा कार्य, मल्टीपल, डिस्ट्रिक्ट और एरिया पदाधिकारियों की आधिकारिक यात्रा

# दिव्यांगजनों को बांटी किताबें, स्कूली बच्चों को दिए उपहार, निर्धन कन्या के विवाह के लिए किया सहयोग

**भिलाई।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट सीएम-1 संपदा की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनिता कपूर, मल्टीपल प्रेसिडेंट सुमन सिंह और एरिया ऑफिसर नीता गुप्ता का लीनेस क्लब भिलाई में सामूहिक प्रवास हुआ।

लीनेस पदाधिकारियों ने इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। स्कूलों में बच्चों को उपहार बांटे और लीनेस क्लब भिलाई की गतिविधियों की जमकर सराहना की। दौरे की शुरुआत में पदाधिकारीगण नेत्रहीन विद्यालय पहुंचे। जहां भिलाई इकाई द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्रेल पेपर, बुक्स और पानी की बोतलें और नाश्ता वितरण किया। इसके बाद लीनेस पदाधिकारी शांति नगर स्कूल में बच्चों को रेनकोट और नाश्ता दिया। साथ ही ऑफिस के लिए एक सोफा भेंट किया गया। लीनेस पदाधिकारियों ने कृष्णा नगर स्कूल में बच्चों को स्पोर्ट्स टी-शर्ट्स, बैडमिंटन, बैट और शटल भेंट किया। लीनेस पदाधिकारियों ने मूक बधिर शाला में हॉस्टल के छात्रों के लिए चादर तकिए भेंट किए। साथ ही सफाई कर्मचारियों को मल्टीपल प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक मुट्ठी अनाज के तहत अनाज दिया गया।





### लायंस क्लब भिलाई के नए अध्यक्ष बने भगवान अग्रवाल



**भिलाई।** गंगरेल डैम स्थित सुंदर रिसॉर्ट में लायंस क्लब भिलाई का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष पद का दायित्व भगवान अग्रवाल ने ग्रहण किया। साथ ही सचिव विष्णु गोयल और कोषाध्यक्ष मनीष जग्गी सहित संपूर्ण कार्यकारिणी ने शपथ ली। अध्यक्ष द्वारा मनोनीत पूरी कार्यकारिणी को भी शपथ दिलाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, शपथ अधिकारी रंजन क्षेत्रपाल, जिला कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, ज़ोन चेयरपर्सन राकेश अग्रवाल मौजूद थे।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पूरे दिन महिलाओं द्वारा आयोजित विविध मनोरंजक खेल रहे, जिनमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शाम 7 बजे आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद रात देर तक संगीत, नृत्य और मनोरंजन का सिलसिला चलता रहा। नए अध्यक्ष ने कहा कि आयोजन लायंस क्लब भिलाई परिवार के एकता, उत्साह और नई ऊर्जा का प्रतीक बनकर लंबे समय तक याद किया जाएगा। इस अवसर पर विकास सिंघल, विपिन बंसल, विजय अग्रवाल, रामभगत अग्रवाल, विशाल शाह, अजय जैन, दिनेश लोहिया सहित अन्य मौजूद थे।

### रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

इस दौरान पदाधिकारियों ने शाला में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण किया। विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री भेंट की। पदाधिकारियों ने शाला में ही एक कन्या के विवाह के लिए उपहार भेंट किया। पदाधिकारियों के स्वागत में समारोह का आयोजन सामान्य सभा के साथ एक होटल में रखा गया। कार्यक्रम का संचालन जयंती शर्मा ने किया। ध्वज वंदना जय त्रिवेदी ने की। लीनेस, गीत अंजना विनायक और रश्मि लखोटिया ने आभार प्रदर्शन किया। इन आयोजनों में अध्यक्ष रीता कुखरानिया, कोषाध्यक्ष राजश्री जैन, सुषमा उपाध्याय, नूतन गंधोक, विभा भूटानी, करुणा बंसल, मंजू सुराणा, तृप्ता कौर, मीनाक्षी आदि उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

### महिलाओं और बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



**दुर्ग।** जीवन दान सेवा संस्था द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के आत्मरक्षा से जुड़े प्रशिक्षण दिया गया। 30 दिवसीय इस शिविर में प्रशिक्षित महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर की उपलब्धियों की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में सीएसआर प्रभारी रजनी रंजन (प्रसिद्ध गायिका), हेमीन चतुर्वेदी (ब्लाक महिला अध्यक्ष), ममता सिन्हा पार्षद, शेष जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्था की ओर से जिला अध्यक्ष मनीष सोनी, संरक्षक पिंकी सिन्हा, सचिव नरेन्द्र कुमार, आशीष साहू, योगेश्वर मानिकपुरी की सक्रिय भूमिका रही।

## सम्मान समारोह आयोजित

### जैविक खेती के जन्मदाता डॉ. लोकेश्वर को मिला डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान



**दुर्ग।** मनवा कुर्मी समाज ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की 125वी जयंती पर शंकरनगर स्थित कुर्मी भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर भारत मे जैविक खेती के जन्म दाता अखरा निवासी कृषि वैज्ञानिक डॉ. लोकेश्वर नाथ वर्मा को डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा प्रोफेसर कल्याण कॉलेज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग राजप्रधान ईश्वरी वर्मा, विशिष्ट अतिथि चंद्रकांत वर्मा थे। अध्यक्ष रोशन वर्मा और भातृसंघ के अध्यक्ष तेज बहादुर बन्छोर ने डॉ. बघेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में समाज के होनहार छात्र कोमल वर्मा जिनका चयन आईआईटी पटना में हुआ, उन्हें भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम मे वक्ता प्रेम लाल वर्मा ने डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, स्वामी आत्मानंद छात्रवृत्ति योजना का नाम परिवर्तन और राजगीत बंद किए जाने पर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ियों के साथ कुंठाराघात है। डॉ. सुधीर शर्मा ने कि इस सबके लिए छत्तीसगढ़ की जनता दोषी है, जो सोये हुए है। प्रमुख वक्ता डॉ. परदेशी राम वर्मा ने कहा कि यह भी अजीब संयोग है कि पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री बनाने की बात हुई तो बघेल सरनेम के ही ठेठ छत्तीसगढ़िया भूपेश बघेल बना। इस अवसर पर कार्यक्रम डीपी देशमुख, चंद्रकला तारम, अशोक आकाश, खिलेशवरी साहू, बद्री प्रसाद पारकर, ईश्वरी वर्मा, चंद्रकांत वर्मा, आरएन वर्मा, कोमल धुरंधर, हरिशंकर वर्मा, डोमार सिंह वर्मा, रोहित वर्मा, घनश्याम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## संगीतमय प्रस्तुति दी

### सावन के सुमधुर गीतों पर कलाकारों ने समां बांधा



**भिलाई।** सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम म्यूजिकल ग्रुप एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान सावन के गीतों पर भव्य सांगीतिक संध्या का आयोजन प्रगति भवन सिविक सेंटर के आडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी अधिकारी बिपिन कुमार गिरि थे। विशेष रूप से डॉ. एम रविन्द्रनाथ, ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर मौजूद थे। गायक एवं गायिकाओं दीपेंद्र हलधर, शांताराम वानखेड़े, जितेन्द्र टांडी, प्रकाश बेहरा, राकेश शुक्ला, रमेश घाटे, शिप्रा मंडल, प्रनोती गजभिए, गीता सोनी, मंजीता भारद्वाज, मधुरिमा रे, लीना दास, मीनल गोखले, रश्मि घाटे ने संगीतमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन ज्योति धारकर ने किया। कारर्यक्रम में कलाकार प्रभंजय चतुर्वेदी, पीटी उल्लास कुमार, प्रसिद्ध तबला वादक शेगेकर, गजल गायक परन भाटिया, जगजीत सिंह भाटिया, आदि उपस्थित थे।

**प्रगति भवन से. 6 में सांगीतिक संध्या का आयोजन**

## सिटी इवेंट

### विश्व कल्याण की कामना के लिए किया पशुपतिनाथ महादेव में महा रूद्राभिषेक



**भिलाई।** विश्व कल्याण की कामना करते हुए सुख समृद्धि की प्राप्ति के लिए पवित्र सावन माह में पशुपतिनाथ महादेव का रूद्राअभिषेक किया गया। ओजस महिला समिति ने रुआबांधा स्थित पशूपति नाथ मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। खिचड़ी का भोग वितरित किया किया। मन्दिर के संस्थापक बीआर अधिकारी ने बताया कि प्रतिवर्ष सावन के महीने में इस प्रकार का आयोजन ककिया जाता है। महिलाओं ने महादेव से प्रार्थना कर परिवार की ख़ुशहाली की कामना की।

### कुरुद स्कूल में मनाया नागपंचमी पर्व



**जामुल।** शासकीय प्राथमिक शाला कुरुद भिलाई में 29 जुलाई मंगलवार को नागपंचमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। ब्लैकबोर्ड पर नाग देवता का चित्र बनाकर सभी बच्चे व शिक्षकगण मिलकर विधिवत पूजन कर प्रसाद व नारियल अर्पित किया गया। शिक्षक प्रीतम कुमार साहू ने नाग देवता के महत्व व नागपंचमी के बारे में सभी बच्चों को जानकारी प्रदान किये। कक्षा पाँचवीं के बच्चे झरना साहू व वेदांत साहू ने भी अपने विचार साझा किए। इसके बाद नागपंचमी पर चित्रकला प्रतियोगिता व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम द्वितिय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शिक्षक प्रीतम कुमार साहू द्वारा इनाम (स्टेशनरी किट्स) प्रदान किया गया। प्रसाद वितरण कर नागपंचमी का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में प्रीतम कुमार साहू, अन्नपूर्णा शुक्ला, निर्मला वर्मा, तिरनाथ यादव, सुरेंद्र साहू, कमलेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## समिति लंबे समय से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की कर रही मदद

कार्नर न्यूज

# यूथ सिख की पहल: पांचवीं पढ़ने वाली बच्ची को यूनिफार्म, कॉपियां, बैग और दो जरुरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराए

**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी और भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की लगातार मदद की जा रही है। इसी तारतम्य में हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी हथखोज के कार्यालय में संयुक्त रूप से सेवा कार्य किया गया। डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में यह आयोजन सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को दर्शाने वाला रहा। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई द्वारा आत्मानंद स्कूल की कक्षा पांचवीं की एक बच्ची को स्कूल ड्रेस, बैग और कॉपियों के रूप में शैक्षणिक सहायता प्रदान की गई। बच्ची ने समिति से मदद की अपील की थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने तुरंत पहल की। उसे आवश्यक सभी शैक्षणिक सामग्री सौंपी गई।



### दो महिलाओं को रोजगार के लिए उपलब्ध कराई सिलाई मशीन

समिति ने दो जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की। एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका है और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय थी। दूसरी महिला जिनके पति पिछले एक वर्ष से दुर्घटना के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं। दोनों ही महिलाएं सिलाई का कार्य जानती थीं। उन्होंने बताया कि वे इस काम से अपने घर की स्थिति सुधार सकती हैं। जानकारी मिलने के बाद आज ऑफिस में दोनों महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गई। उनके बेहतर भविष्य की कामना की गई।



### कार्यकर्ता कर्मी की बहन की शादी के लिए दिए 25 हजार

इसके अलावा भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा संस्था में कार्यरत गुड्डू आलम की बहन की शादी के लिए 25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संस्था का यह मानना है कि ड्राइवर, हेल्पर, मिस्त्री या ऑफिस स्टाफ – सभी एक परिवार का हिस्सा हैं, और जब परिवार में कोई शुभ कार्य होता है तो आर्थिक सहयोग देना सामाजिक दायित्व है। इसी भावना के तहत यह मदद चेक के माध्यम से प्रदान की गई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट अकादमी के लिए जमीन दी राज्य सरकार ने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश में क्रिकेट के विकास एवं उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को नया रायपुर में उन्नत क्रिकेट अकादमी स्थापित करने हेतु भूमि देने की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन का आभार प्रकट किया है। संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने कहा कि प्रदेश में क्रिकेट के विकास हेतु हमेशा से छत्तीसगढ़ शासन का सहयोग प्राप्त होते रहा है इसी कड़ी में अकादमी हेतु भूमि प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन का आभार तथा उम्मीद है कि भविष्य में भी क्रिकेट के विकास हेतु छत्तीसगढ़ शासन का सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

### किक बॉक्सिंग पदक विजेता मिले मुख्यमंत्री साय से



**रायपुर।** राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रायपुर के पदक विजेता खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष छगन मूँदडा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत कर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर के विजेता खिलाड़ियों में रजत पदक विजेता अन्नू देवी कुंवर, दीप्ति साहू तथा कांस्य पदक विजेता संजना कन्नौजिया और हर्षा सेन शामिल थीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव आकाश गुरुदीवान तथा प्रशिक्षक विशाल हियाल भी उपस्थित थे। किक बॉक्सिंग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

### भारत के शीर्ष जुडो रेफरियों में दूसरा स्थान हासिल किया किरण ने



**भिलाई।** जूडो यूनियन ऑफ एशिया की अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रैंकिंग सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ की किरण शर्मा ने भारत के शीर्ष रेफरियों में दूसरा एवं एशिया में 25 वां स्थान हासिल किया है। जूडो संघ की ओर से अरूण द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह एक बड़ी उपलब्धि है और प्रदेश जुडो संघ ने इस खास मौके पर सुश्री शर्मा को बधाई दी है।

### अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक बने परिचय, कोरिया रवाना



**रायपुर।** कुराश खेल के राष्ट्रीय निर्णायक एवं कोच परिचय मिश्रा को पैनल रेफरी के रूप में एशियाई कैडेट कुराश प्रतियोगिता चांगजोऊ साउथ कोरिया के लिए नामांकित किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन 30 जुलाई से 05 अगस्त तक आयोजित है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए परिचय रवाना हो चुके है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता, प्रीति बंछोर, अमित तिवारी, योगेश कटेलिहा, आलोक मिश्रा, संतोष साहू, शरद पंसारी, चंद्रकांत बागड़े, उमप्रसाद राठौड़, अखिलेश यादव, लोकसिंह दीवान, संजीव ध्रुव, गजेंद्र साहू, श्रीधर राव, भूमेश पांडेय, द्रोण ध्रुव, यास्मीन अफरोज, प्रीति जलहरे, तिलोत्तमा वर्मा, प्रिया जायसवाल, प्रतिमा अवस्थी और ओमी तिवारी ने बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ की नेटबॉल टीम का सेंट्रल ज़ोन में शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** गाज़ियाबाद में आयोजित सेंट्रल जोन नेटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि में रायपुर जिले के कुल 6 खिलाड़ियों का चयन राज्य की टीम में हुआ था जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य का मान बढ़ाया। शामिल खिलाड़ियों में महिला वर्ग के खिलाड़ी एकता पटेल, दिव्यांशी खोब्रागड़े, नम्रता वर्मा, पुरुष वर्ग के खिलाड़ी सुनील धितलहरे, शीतल नायक, आर्यन साहू और कोच अमन भोई (रायपुर) शामिल हैं। इस उपलब्धि पर रायपुर जिला नेटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष सैयद रज़ा, उपाध्यक्ष गणेश गौसेवक, सचिव अनूप यदु, कोषाध्यक्ष गुरजीत सिंघी, संयुक्त सचिव निधि पांडे, सदस्य शकुंतला पटेल एवं हर्ष दुबे ने शुभकामनाएं दी है।

---

मौजूदा भागदौड़ की जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी

# तनाव और अवसाद से पाना चाहते हैं छुटकारा तो दिनचर्या में करें तीन आसान बदलाव, मिलेगा फायदा

तनाव और अवसाद एक ऐसी समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान रहते हैं। वैसे तो इसको मैनेज करने के कई उपाय हैं, लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय के बारे में बताएंगे जो बहुत सरल हैं और उसे आसानी से अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया जा सकता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव लगभग हर व्यक्ति की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। काम का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं, रिश्तों की उलझनें और भविष्य की अनिश्चितताएं लगातार हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही हैं। तनाव और अवसाद का नकारात्मक प्रभाव न सिर्फ आपके दिमाग पर पड़ता है बल्कि इससे आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है, जैसे नींद की कमी, पाचन संबंधी समस्याएं, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली और लगातार थकान।



विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे में आप अपनी दिनचर्या में कुछ छोटे और आसान बदलाव करके तनाव और अवसाद से छुटकारा पा सकते हैं। आइए इस लेख में ऐसे ही तीन ऐसे ही तीन महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और बेहतर जीवन बिता सकते हैं।



### नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधि

स्ट्रेस कम करने का पहला आसान बदलाव है नियमित व्यायाम। रोजाना 20-30 मिनट की ब्रिस्क वॉकिंग, योग या स्ट्रेचिंग तनाव को कम करती है। व्यायाम से एंडॉर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। योग में प्राणायाम और मेडिटेशन, जैसे अनुलोम-विलोम, मन को शांत करते हैं। घर पर हल्की एरोबिक्स या डांस भी एंग्जायटी को कम करने में मदद करता है।

### संतुलित आहार और हाइड्रेशन


दूसरा बदलाव है संतुलित आहार अपनाना। ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे मछली, अखरोट और अलसी के बीज, मस्तिष्क स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। विटामिन बी और मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य, जैसे हरी सब्जियां, केला और बादाम, तनाव को कम करते हैं। चीनी और कैफीन का अधिक सेवन एंग्जायटी को बढ़ा सकता है, इसलिए इनका सेवन सीमित करें। रोजाना 2-3 लीटर पानी पीना डिहाइड्रेशन से बचाता है, जो स्ट्रेस को नियंत्रित करता है।

### माइंडफुलनेस

तीसरा बदलाव है माइंडफुलनेस और अच्छी नींद की लेना। माइंडफुलनेस मेडिटेशन, जैसे 5-10 मिनट की गहरी सांस लेने की तकनीक मानसिक तनाव को कम करती है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम (मोबाइल, टीवी) कम करें, क्योंकि नीली रोशनी नींद को बाधित करती है। रोजाना 7-8 घंटे की गहरी नींद तनाव को कम करती है और मस्तिष्क को रिचार्ज करती है। सोने से पहले गुनगुना पानी पीना या किताब पढ़ना नींद में सुधार करता है।

### जर्नलिंग: भावनाओं को कागज पर लिखें

अपनी भावनाओं और विचारों को किसी डायरी या नोटबुक में लिखना, यानी जर्नलिंग, तनाव और चिंता को कम करने का एक बेहतरीन तरीका है। जब आप अपने मन की बातों को लिखते हैं, तो वे व्यवस्थित होने लगती हैं और आपको अपनी भावनाओं को समझने में मदद मिलती है। यह नकारात्मक विचारों को दूर करने, समस्याएं सुलझाने में मदद करता है। रोजाना बस 10-15 मिनट लिखने से आप मानसिक रूप से बहुत शांत और हल्का महसूस करेंगे।इसके अलावा दोस्तों और परिवार से बात करना और शौक में समय बिताना भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।



यदि स्ट्रेस या एंग्जायटी गंभीर हो, जैसे लगातार चिंता, अनिद्रा या पैनिक अटैक, तो मनोचिकित्सक या काउंसलर से संपर्क करें। नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर मानसिक शांति और खुशहाल जीवन व्यतीत जा सकता है।

---



# बार-बार पैर सुन्न होना या झुनझुनी आना, हो सकता है खतरे का संकेत

अक्सर कुछ लोगों के पैर में झुनझुनी पड़ने और सुन्न होने की समस्या होती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, कुछ मामलों में ये गंभीर बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं। क्या कभी आपके हाथ, पैर या शरीर का कोई हिस्सा अचानक सुन्न हुआ है, या फिर उसमें झुनझुनी महसूस हुई है? हममें से ज्यादातर लोगों ने कभी न कभी इस अनुभव का सामना किया होगा। अक्सर यह थोड़े समय के लिए होता है, जब किसी नस पर दबाव पड़ता है और शरीर का पोजिशन बदलने पर सब ठीक हो जाता है। सामान्य तौर पर ऐसा तभी होता है, जब आप गलत पोस्चर में बैठे हों।

लेकिन अगर बिना किसी कारण के अचानक पैरों में या शरीर का कोई भी अंग सुन्न हो रहा है या झुनझुनी महसूस हो रही है, तो इसे हल्के में लेना बड़ी गलती हो सकती है। यह किसी गंभीर और खतरनाक बीमारी का शुरुआती संकेत हो सकता है, जिस पर तुरंत ध्यान देना जरूरी है। यह लेख आपको इन लक्षणों को समझने और संभावित अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानने में मदद करेगा।



### सुन्न होने और झुनझुनी के प्रमुख कारण

पैरों का सुन्न होना या पैरों में झुनझुनी पड़ने के कई कारण हो सकते हैं। लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना या किन्हीं कारणों से तंत्रिका पर दबाव पड़ना इसके सामान्य कारण हैं। हालांकि बार-बार होने वाली यह समस्या पेरीफेरल न्यूरोपैथी, डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी, थायराइड या मल्टीपल स्केलेरोसिस जैसी बीमारियों से जुड़ी हो सकती है। डायबिटीज में हाई ब्लड शुगर तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाती है, जिससे न्यूरोपैथी होती है।

### लक्षण

पैरों का सुन्न होना या पैरों में झुनझुनी पड़ने के साथ अन्य लक्षण, जैसे जलन, कमजोरी, शरीर के संतुलन में कमी, गंभीर बीमारी का संकेत हो सकते हैं। डायबिटिक न्यूरोपैथी में यह लक्षण रात में बढ़ सकते हैं। अगर यह समस्या लगातार बनी रहे या चलने-फिरने में परेशानी हो, तो यह तंत्रिका क्षति या रक्त संचार की समस्या का संकेत हो सकता है।

### निदान और जांच की प्रक्रिया

पैरों का बार-बार सुन्न होने की जांच के लिए डॉक्टर मेडिकल हिस्ट्री, शारीरिक परीक्षण और कुछ टेस्ट का सुझाव देते हैं। रक्त जांच से डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी या थायराइड की समस्या का पता लगाया जा सकता है। नर्व कंडक्शन स्टडी और इलेक्ट्रोमायोग्राफी तंत्रिका क्षति की गंभीरता को मापते हैं। एमआरआई या सीटी स्कैन से रीढ़ की हड्डी या तंत्रिका पर दबाव का कारण पता चल सकता है।

### बचाव और उपचार के उपाय

शरीर का कोई भी अंग सुन्न न हो या उसमें झुनझुनी न पड़े इसके लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, जिसमें संतुलित आहार लें और दिनभर में कम से कम 2-3 लीटर पानी पिएं। विटामिन बी12 युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे अंडे, दूध और मछली, खाएं। नियमित व्यायाम, जैसे योग और स्ट्रेचिंग, रक्त संचार को बेहतर बनाता है।



---

# बारिश के मौसम में फ्रिज में होने लगी है नमी, तो तुरंत करें ये उपाय

क्या आपने नोटिस किया है कि इन दिन फ्रिज में नमी हो जाती है? यह कई कारणों से हो सकता है। चलिए इस लेख में हम आपको बताने वाले हैं वो गलतियां जो हम अक्सर करते हैं और फिर फ्रिज नम रहता है। अगर फ्रिज में नमी दिखे, तो ये काम करें।मानसून में नमी और घर में सीलन की समस्या हर किसी को परेशान करती है। ये नमी न सिर्फ कपड़ों और दीवारों में, बल्कि हमारी किचन और खासतौर पर फ्रिज में भी असर दिखाने लगती है। कई बार देखा गया है कि बारिश के दिनों में फ्रिज खोलते ही उसमें से अजीब-सी गंध आती है, दरवाजों के किनारों पर पानी जमा हो जाता है और सब्जियों में भी नमी की वजह से फफूंद लग जाती है। इसका कारण मौसम में बढ़ी ह्यूमिडिटी और फ्रिज की सही देखभाल न करना है।

### फ्रिज को बार-बार खोलने से बचें

यह तो हम सभी को पता है कि मानसून में वातावरण में नमी ज्यादा होती है। ऐसे में जब आप बार-बार फ्रिज खोलती हैं, तो बाहर की नमी फ्रिज के अंदर बैठने लगती है। इससे अंदर कंडेनसेशन होने लगता है और फ्रिज की दीवारों पर पानी की बूंदें जम जाती हैं। इससे जो भी चीजें आपने फ्रिज में रखी होती हैं, वे जल्दी खराब हो सकती हैं। कोशिश करें कि फ्रिज को बार-बार न खोलें और जो चाहिए वो एक बार में निकाल लें।

### फ्रिज को जरूरत से ज्यादा न भरें

कई बार हम फ्रिज को जरूरत से ज्यादा भर देते हैं। सब्जियां, फल और अन्य खाने की चीजों को ठूसा जाता है। ऐसे में उसमें हवा का सर्कुलेशन



रुक जाता है और ठंडक ठीक से नहीं फैल पाती। इसके कारण यह होता है कि नमी अंदर ही अंदर जमा होने लगती है, जिससे खाने की चीजें जल्दी सड़ने लगती हैं। मानसून में इसका खास ध्यान देने की जरूरत होती है ताकि फ्रिज में पर्याप्त स्पेस हो ताकि ठंडी हवा समान रूप से फैल सके।

### बेकिंग सोडा रखने से मिलेगा फायदा

बेकिंग सोडा हर चीज के लिए अच्छा है फिर चाहे वो कुकिंग हो या क्लीनिंग हो। मगर क्या आपको पता है यह फ्रिज की नमी को भी सोख सकता है? जी हां, बेकिंग सोडा एक प्राकृतिक मॉइश्चर अब्जॉर्बर होता है। आप एक खुली कटोरी में थोड़ा बेकिंग सोडा लेकर फ्रिज के अंदर रखें। यह न सिर्फ नमी को सोखेगा, बल्कि बदबू को भी कम करेगा। हर 15 दिन में इस बेकिंग सोडा की कटोरी को बदलते रहें ताकि इसका असर बना रहे।

### समय पर फ्रिज की सफाई करें

मानसून के दिनों में फ्रिज की सफाई हफ्ते में कम से कम एक बार जरूर करें। एक बाल्टी गुनगुने पानी में थोड़ा-सा सिरका या नींबू का रस मिलाएं और उससे फ्रिज को अंदर से पोंछें।

---

# चांदी का नाग-नागिन जोड़ा चढ़ाएं शिवलिंग पर, मिलेंगे कई लाभ

सावनके महीने में भक्त शिवलिंग पर चांदी का नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाते हैं। यह परंपरा सिर्फ आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि इसके पीछे गहरा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व छिपा है। इसी वजह से यह चीज कई सालों से होती नजर आ रही है। पंडित जन्मेश द्विवेदी बता रहे हैं इसके लाभ-



भगवान शिव के गले में वासुकी नाग का वास होता है। नाग-नागिन शिव की शक्ति और संरक्षण के प्रतीक माने जाते हैं। चांदी पवित्रता, शांति और चंद्रमा से जुड़ी ऊर्जा का प्रतीक है। जब चांदी के नाग-नागिन को शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है, तो यह जीवन में संतुलन बनाने का काम करता है। इसलिए कई सारे लोग चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा शिवलिंग पर चढ़ाते हैं।

### क्या होते हैं शिवलिंग पर चांदी के नाग-नागिन चढ़ाने के धार्मिक लाभ?

कुंडली के कालसर्प दोष है, तो आप नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाकर विशेष पूजा के बाद शिवलिंग पर चढ़ा सकती हैं। इससे आपके जीवन में परिवर्तन आता है। साथ ही, आपको किसी तरह की कोई समस्याएं नहीं होती हैं। संतान प्राप्ति के लिए नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाया जा सकता है।ऐसी मान्यता है कि यह उपाय संतान सुख के लिए भी लाभकारी है। इसलिए आप इस जोड़े को चढ़ा सकते हैं। चांदी का नाग-नागिन जोड़ा शिवलिंग पर चढ़ाने से शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुरक्षा बनी रहती है।

### कब और कैसे चढ़ाएं चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा?

आप किसी भी सोमवार को जाकर शिवलिंग पर नाग-नागिन के जोड़े को चढ़ा सकते हैं। इसके लिए शिवलिंग को गंगाजल से स्नान कराएं, फिर बिल्व पत्र, दूध और फूल अर्पित करें।

---

कार्नर न्यूज

3 अगस्त को है फ्रैंड्सशिप डे, हर साल बदलाव लेकर आता है यह दिन

# इस बार फ्रैंड्सशिप डे को यादगार बनाने आजमाइए खास ट्रेंड्स, करीब आएंगे आपके बरसों पुराने दोस्त

फ्रेंडशिप डे सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि एक एहसास है दोस्ती, भरोसे और साथ का। हर साल अगस्त के पहले रविवार को फ्रेंडशिप डे मनाया जाता है। साल 2025 में यह खास दिन 3 अगस्त को मनाया जा रहा है। आज के डिजिटल युग में फ्रेंडशिप डे मनाने के तरीके भी बदल रहे हैं। बैंड बांधना और कार्ड देना अब भी चलन में है, लेकिन रील्स, डिजिटल गिफ्ट्स और सोशल मीडिया ट्रेंड्स ने इस दिन को और भी यादगार बना दिया है। अगर आप भी ट्रेंड को अपनाते हुए फ्रेंडशिप डे को यादगार तरीके से मनाना चाहते हैं तो यहां आपको साल 2025 में फ्रेंडशिप डे को खास बनाने वाले टॉप ट्रेंड्स बताए जा रहे हैं। ये फ्रेंडशिप डे ट्रेंड्स आपको अपने दोस्तों के और भी करीब ला सकते हैं।



### इंस्टाग्राम रील्स और थ्रोबैक वीडियो की धूम

2025 में फ्रेंडशिप डे पर सबसे ज्यादा जो ट्रेंड कर रहा है, वो है थ्रोबैक रील्स। पुरानी फोटोज और वीडियोज को जोड़कर बनाई गई एक छोटी-सी इंस्टाग्राम रील दोस्ती को बयां करने का नया तरीका बन गई है। इंस्टाग्राम पर फ्रेंडशिप डे स्पेशल रील बनाने के लिए आप कुछ फ्री टूल्स से क्रिएटिव वीडियो बना सकते हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक में 'तेरा यार हूं मैं' जैसे दोस्ती स्पेशल गानों का इस्तेमाल करें।

### डिजिटल गिफ्ट

अब भौतिक गिफ्ट से ज्यादा पॉपुलर हो गए हैं डिजिटल गिफ्ट्स। ये इमोशनल और इको-फ्रेंडली होते हैं। डिजिटल गिफ्ट में पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज, डिजिटल स्केच, पर्सनलाइज्ड प्लेलिस्ट या ई-गिफ्ट कार्ड को शामिल कर सकते हैं। यह ट्रेंड बजट फ्रेंडली भी है और दिल छू लेने वाला भी है। आपको कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर कस्टम डिजिटल गिफ्ट्स के विकल्प मिल सकते हैं। आप चाहें तो AI के जरिए एक खास शायरी या लेटर लिखकर दोस्त को तोहफे में दे सकते हैं।

### फोटो बूथ और डीआईवाई फ्रेंडशिप डे पार्टी

छोटी सी थीम पार्टी या पिकनिक प्लान करना भी 2025 में खास ट्रेंड बन गया है। घर में या पार्क में डीआईवाई डेकोर, फोटो बूथ और कस्टम गेम्स के साथ सेलिब्रेशन किया जा रहा है। इसके लिए आप पॉपकॉर्न बार, फ्रेंडशिप ट्रिविया क्विज और थीम कलर ड्रेस कोड रखें। फोटो बूथ में दोस्ती वाले प्रॉप्स जैसे बेस्टी गोल्स शामिल करें।

### हैंडमेड फ्रेंडशिप बैंड्स की वापसी




पुराने जमाने के फ्रेंडशिप बैंड्स 2025 में फिर से ट्रेंड कर रहे हैं। लेकिन इस बार ये बैंड्स पर्सनलाइज्ड और क्राफ्ट बेस्ड हैं, यानी नाम, कोट्स या खास तारीख के साथ मिल रहे हैं। आप घर पर ही दोस्त के लिए डीआईवाई बैंड बनाएं और उसमें छोटे मोती या टैग लगाएं। बैंड के साथ एक नोट लिखना ट्रेंडिंग है। इस बार एक नया सोशल मीडिया ट्रेंड सामने आया है जिसमें दोस्त एक-दूसरे के लिए कुछ स्पेशल बनाते हैं। घर की बनी चीजें, जैसे कुकीज, चाय या समोसे बनाएं और उन्हें खास अंदाज में परोसें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जस्टिन बीबर की बीवी को हुआ था मौत के करीब होने का एहसास, हैली ने किया खुलासा



जस्टिन बीबर और हैली ने साल 2018 में शादी की थी। 2024 में उनके घर बेटे की किलकारियां गूंजी। अब हैली ने खुलासा किया है कि डिलीवरी के बाद वो दर्दनाक लम्हे से गुजरी थीं। उन्हें बहुत ज्यादा ब्लीडिंग हुई थी और उनके मन में मौत का विचार भी आया था। देश-दुनिया में अपने गानों और पर्सनल लाइफ के लिए फेमस जस्टिन बीबर की वाइफ हैली बीबर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों के घर पिछले साल बेटे का जन्म हुआ था। उसका नाम जैक ब्लूज रखा था। अब हैली ने बताया कि कैसे बेटे की डिलीवरी उनके लिए मौत के करीब का अनुभव था। उनका एम्नियोटिक फ्लूड ड्यू डेट से पहले ही लीक हो गया था और बेटे को जन्म देने के बाद भी लगातार ब्लीडिंग हो रही थी।

हैली बीबर ने 'वोग इटालिया' को बताया कि समय से पहले एम्नियोटिक फ्लूड लीक होने के बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल करके प्रसव पीड़ा करने का फैसला किया। उन्होंने ये भी बताया कि डॉक्टर्स ने एक 'फोली बैलून' एक कैथेटर जैसी डिवाइस उनके यूट्रस में डाल दी और गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) को फैलाने के लिए उसमें सलाइन का घोल भर दिया। हैली ने उस दर्दनाक पलों को याद करते हुए कहा, 'ये मेरी लाइफ की सबसे दर्दनाक घटना थी। तभी जैक ने पूरे 8 पाउंड के वजन के साथ जन्म लिया था।' हैली के लिए ये दर्द यहीं खत्म होने वाला नहीं था। असली डर तो बच्चे के जन्म के बाद शुरू हुआ। जस्टिन की वाइफ ने बताया कि कैसे उन्हें बहुत ज्यादा ब्लीडिंग होने लगी और डॉक्टरों ने भी अलग राय दी थी।

### टॉलीवुड

## विजय देवरकोंडा जासूस बनकर नए मिशन पर निकले, एक्शन और खौफ से भरी है फिल्म



विजय देवरकोंडा की नई फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर एक्शन से भरपूर है। इसमें विजय एक जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। सूर्या नाम का यह जासूस एक मिशन पर जेल जाता है, जहां कहानी बदल जाती है।

विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर एक जासूस की क्रूर दुनिया की झलक दिखाता है। विजय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसका वीडियो भी पोस्ट किया है। विजय देवरकोंडा ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'हमने अपने दिलों में आग जलाकर #Kingdom बनाया है। आज मैं आपको इसका ट्रेलर दिखा रहा हूं। इसे आप तक भी वैसे ही आने दें जैसे इसने मुझ पर असर डाला है।' ट्रेलर में विजय को सूर्या के रूप में पेश किया गया है, जो एक जासूस है और सीक्रेट मिशन में उलझा हुआ है। फिल्म एक डायस्टोपियन दुनिया में सेट लगती है जहां एक जासूस को अनजान इलाके में घुसपैठ करने का काम सौंपा जाता है, जिससे उसे अपनी हर प्यारी चीज पीछे छोड़नी पड़ती है। हालांकि, जैसे-जैसे वह इस नई दुनिया में आगे बढ़ता है, मिशन एक नया मोड़ लेता है और वह खुद इसमें फंस जाता है। ट्रेलर में सत्यदेव और मनीष चौधरी भी नजर आ रहे हैं। विजय संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के संगीत के साथ एक्शन और इमोशनल सीन्स करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर सिर्फ एक्शन के बारे में नहीं है, बल्कि यह लीड रोल की जिंदगी में चल रही उथल-पुथल पर भी बेस्ड है। जर्सी फेम गौतम तिन्ननुरी के डायरेक्शन में बनी और एस नागा वामसी की बनाई यह फिल्म एक जासूसी थ्रिलर बताई जा रही है। इसमें भाग्यश्री बोरसे और सत्यदेव भी लीड रोल में हैं। फिल्म के लिए विजय ने शारीरिक रूप से काफी बदलाव किया है। जूनियर एनटीआर और सूर्या ने टीजर के तेलुगू और तमिल वर्जन को अपनी आवाज दी है। रणबीर कपूर ने हिंदी वर्जन, जिसे 'साम्राज्य' कहा जा रहा है, इसे अपनी आवाज दी है। किंगडम 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

### भोजपुरी

## दिनेश लाल ने खेसारी और पवन के लिए कह दी बड़ी अनोखी बात, फैंस हुए बेचैन



दिनेश लाल यादव (निरहुआ) ने खेसारी लाल यादव और पवन सिंह को ₹सिनेमा में टक्कर देकर दिखाओ₹ कहा है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें गाने बनाने और व्यूज बटोरने से ज्यादा, फिल्मों पर ध्यान देना चाहिए और सिनेमा में एक-दूसरे को टक्कर देनी चाहिए।

निरहुआ ने यह भी कहा कि खेसारी लाल और पवन सिंह अब ₹गायक₹ नहीं रहे, बल्कि ₹हीरो₹ बन गए हैं, और उन्हें अब सिनेमा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 1, 2, 3 नंबर पर तो उनकी ही फिल्में हैं, जैसे ₹निरहुआ हिंदुस्तानी 2₹, ₹निरहुआ रिक्शावाला 2₹, और ₹निरहुआ हिंदुस्तानी 4₹, और उसके बाद ही बाकी लोगों को सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाने पर व्यूज का कोई मतलब नहीं है, अब फिल्मों पर कंपटीशन होना चाहिए।

दिनेश लाल ने जवाब में कहा था, 'वो गायक थे, अभी वो गायक नहीं रहे। अब हीरो बन गए हैं, सिनेमा के प्रति उनकी कुछ जिम्मेदारी हैं। उन्हें अब सिनेमा के बारे में सोचना चाहिए, अगर एक यूनिवर्सिटी का लड़का, बार-बार जाकर प्राइमरी का पेपर देगा तो हर बार पास हो जाएगा, 100 में से 100 नंबर लाएगा। यहां पर करके दिखाओ, गाने बनाकर व्यूज बटोरना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन अब सिनेमा के लिए कुछ करके दिखाओ।' 'फिल्में बनाओ और उसपर ज्यादा व्यूज आए तो बात बने ना। सिनेमा में टक्कर करके दिखाओ, इसमें कॉम्पटीशन करके दिखाओ।

परंपरा का फैशन

लाइफ स्टाइल



दुनिया भर में सांस्कृतिक पहचान अलग मायने रखती है। न्यूयार्क फैशन वीक के दौरान पिछले हफ्ते डिज़ाइनरों ने अपने संग्रहों में पारंपरिक कपड़ों, धार्मिक प्रतीकों और नए स्थायी रुझानों के साथ कदम मिलाकर विभिन्न संस्कृतियों के विचारों को पेश किया। इन्हें फैशनपरस्त पीढ़ी ने खूब पसंद किया।

## दही और नीम का इस्तेमाल कर घर पर बनाएं सस्ता फेस पैक, एक्सपर्ट से जानिए इसे बनाने का तरीका

चेहरे पर पिंपल्स, रैशेज और दाग धब्बे होना एक आम समस्या है, लेकिन यह समस्या चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती है, जिससे अधिकतर महिलाएं परेशान होती है। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से एक ऐसे होममेड फेस पैक के बारे में जानना चाहिए, जिसे इस्तेमाल कर आप इन सभी समस्याओं को कम कर सकती है।

### चेहरे के लिए नीम और दही

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि अगर आप भी चेहरे पर हो रही परेशानी की वजह से हमेशा उदास रहती है, तो अब आप घर पर एक खास होममेड फेस पैक को ट्राई कर इन समस्याओं को कम कर सकती हैं और चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। हम बात कर रहे हैं, नीम और दही से बने फेसपैक की। इसे बनाने का तरीका भी बहुत आसान है। इसके लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी जैसे -नीम और दही से फेसपैक बनाने के लिए नीम पावडर,दही,विटामिन ई कैप्सूल और गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। सबसे पहले नीम के पत्तों को सुखाकर मिक्सर या ब्लैडर में पीसकर उसका पाउडर तैयार करें। अब इस पाउडर को एक कटोरी में निकाल लें और इसमें दो बड़े चम्मच दही, विटामिन ई कैप्सूल और थोड़ा गुलाब जल मिला दे। इस पेस्ट को अच्छी तरह फट लें और थोड़ी देर के लिए रख दे। अब आपका फेस पैक बनकर तैयार है। आप इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से पहले चेहरे को साफ पानी से धो लें और सुखा ले। उसके बाद आप इस पेस्ट को



30 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाकर रखें। थोड़ी देर के बाद आप कच्चा दूध लेकर चेहरे की मसाज कर सकती हैं। ध्यान रहे मसाज करते वक्त आपके चेहरे को रगड़ना नहीं है, बल्कि हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करनी है।

ऐसा करने से आपको काफी हद तक फायदा देखने को मिल सकता है। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। अगर आपको त्वचा संबंधित कोई परेशानी होती है, तो तुरंत डर्मेटोलॉजिस्ट या एक्सपर्ट की राय जरूर लें।

## सावन महीने में ट्राई करें मिरर वर्क सूट के नए डिजाइन, देंगे रॉयल लुक



अगर आप भी इस साल सावन में अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो आप इन खूबसूरत मिरर वर्क सूट को ट्राई कर अपने लुक को खास बना सकती हैं। महिलाएं अपने लुक को डिफरेंट बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं। इनमें से कुछ महिलाएं अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए अलग-अलग तरह के आउटफिट भी ट्राई करती हैं। ऐसे में सावन के महीने मने महिलाएं नए नए आउटफिट ट्राई करती हैं। अगर आप भी इस साल सावन में अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है।



### ग्रीन मिरर वर्क शरारा सेट

अगर आप इस साल सावन के महीने में अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं या घर पर कोई छोटा-मोटा कार्यक्रम है और आप उस प्रोग्राम में अपने लुक से सभी का दिल जीतना चाहती है, तो अब आपको आउटफिट को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपके लिए यह खूबसूरत ग्रीन मिरर वर्क शरारा सेट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे पहनकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती है। इस तरह के आउटफिट को आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं या ऑनलाइन खरीद सकती है।

### कॉटन मिरर वर्क सलवार कमीज सूट

अगर आप सावन के महीने में कुछ यूनिक और डिफरेंट ट्राई करना चाहती हैं, तो एक जैसे सलवार सूट या गाउन को ट्राई करने के बजाय आप इस तरह का खूबसूरत कॉटन मिरर वर्क सलवार कमीज सूट को भी ट्राई कर सकती हैं। ऐसे सूट इन दिनों बहुत चर्चा में है। यह आपके लुक को एलिगेंट और क्लासी टच देने में बहुत मदद करेंगे। इसे आप टेलर की मदद से बनवा सकती है या ऑनलाइन भी खरीद सकती है।

### मिरर वर्क लाइट पिंक गाउन

अपनी खूबसूरती से सभी को खुश करने के लिए और सावन के महीने में रुद्राभिषेक के दौरान अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए आप इस तरह के खूबसूरत मिरर वर्क लाइट पिंक गाउन को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे सूट आपको मॉडर्न और एलिगेंट टच देने में बहुत मदद करेंगे।

## नेकलेस की जगह स्टाइल करें चेन पेंडेट सेट, देखें डिजाइंस



आउटफिट स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन जब इसके साथ ज्वेलरी पहनने की बात आती है, तो ऐसे में अलग-अलग तरह के नेकलेस सेट डिजाइन को सर्च करते हैं। इसकी वजह से कई बार ये नेकलाइन के हिसाब से अच्छे लगते हैं, तो कई बार इनका डिजाइन ही लुक को क्रिएटिव बनाता है। इस बार आप ड्रेस के साथ पहनने के लिए चेन पेंडेट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे।

### हार्ट डिजाइन वाला पेंडेट सेट

आप आउटफिट के साथ पहनने के लिए आप हार्ट डिजाइन वाले पेंडेट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इनके साथ स्टड इयररिंग्स भी मिल जाते हैं। जिसे वियर करे आपका लुक अच्छा नजर आएगा। इसे आप आसपास की लोकल मार्केट से भी जाकर खरीद सकती हैं। यह आपको 100 से 200 रुपये में मिल जाएगा।

### फिश डिजाइन वाला पेंडेट सेट

स्टाइलिश लुक के लिए आप फिश डिजाइन वाले पेंडेट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सेट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। इसमें आपको चेन के साथ पेंडेट में फिश और लोटस फ्लावर का डिजाइन मिलेगा। इसमें स्टड इयररिंग्स भी आपको सेम डिजाइन के मिलेंगे। इसे पहनकर आपका लुक काफी अच्छा नजर आएगा। साथ ही, आप काफी सुंदर दिखाई देंगी। मार्केट में इस तरह के सेट आपको 100 से 300 रुपये में मिल जाएंगे।

### क्रिस्टल डिजाइन वाला पेंडेट सेट

आप लुक को क्रिएटिव बनाने के लिए क्रिस्टल डिजाइन वाले पेंडेट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के पेंडेट सेट आप किसी भी स्टाइलिश आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसे पहनकर आपका लुक काफी अच्छा और खूबसूरत नजर आएगा। साथ ही, आपके लुक में चार चांद लगा देगा। मार्केट में इस तरह के सेट आपको 200 से 300 रुपये में मिल जाएंगे।

इस बार आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए इन पेंडेट सेट को स्टाइल करें। इससे लुक काफी सुंदर नजर आएगा। साथ ही, आप अच्छी लगेंगी।

## झड़ते और टूटते बालों के लिए रामबाण है प्याज का तेल

झड़ते और टूटते बालों को कम करना है, तो इसके लिए प्याज के तेल का इस्तेमाल करें। प्याज के तेल बालों के लिए अच्छे होते होता है। इसलिए आपको इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

### प्याज के तेल लगाने के फायदे


प्याज के तेल में सल्फर, एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण बालों को मजबूत बनाने और हेयर ग्रोथ बढ़ाने में बेहद फायदेमंद होते हैं। साथ ही, बालों के स्कैल्प को हेल्दी रखने में मदद करता है। इसलिए आप इसे इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे बनाना भी काफी आसान होता है। साथ ही, इसे स्टोर करके भी ज्यादा समय के लिए किया जा सकता है।

### प्याज के तेल को बनाने का तरीका

इसके लिए आपको प्याज को कद्दूकस करके रखना है। इसके बाद इसे प्याज को पैन में तेल के साथ धीमी आंच में पकाना है। इसे तबतक पकाना है, जबतक ये ब्राउन न हो जाए और इसमें खुशबू न आए। इसके बाद इसे छानकर एक बोतल में डाल लें।

### प्याज का तेल कैसे लगाएं?

तेल को थोड़ा गर्म कर लें। उंगलियों की मदद से स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करें। बालों की लंबाई



पर भी तेल लगाएं। कम से कम 1 घंटे या पूरी रात छोड़ दें। माइल्ड शैम्पू से बाल धो लें। इसका इस्तेमाल 2 बार इसका इस्तेमाल करें।

प्याज की गंध हटाने के लिए शैंपू के बाद बालों में सीरम का इस्तेमाल करें। यह असरदार और नैचुरल तरीका है बालों की देखभाल का। अगर आप झड़ते और टूटते बालों से परेशान हैं, तो इसे आजमाएं और फर्क खुद देखें। आप इसे बनाकर स्टोर कर सकते हैं। साथ ही, आपके बालों में इसके इस्तेमाल किसी तरह की कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। बस आपको एक्सपर्ट राय जरूर लेनी है, ताकि आपके बालों कमें कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

कार्नर न्यूज

भीड़ में अलग दिखने स्टाइल चुनें सावधानी से

## त्यौहार पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इन गलतियों से रहें दूर, वरना तारीफ से होंगी वंचित

यदि त्योहारों के सीजन में आप खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो तैयार होते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य ही रखें। हर महिला और लड़की के लिए त्योहारों का सीजन काफी खास होता है। ये मौका होता है सजने और संवरने का, जिसमें महिलाएं खूब अच्छे से तैयार होती हैं, अपने लिए नये-नये कपड़े खरीदती हैं, नया मेकअप और ज्वेलरी खरीदती हैं।

जल्दबाजी के चक्कर में या फिर बिना सोचे-समझे कई महिलाएं त्योहारों में तैयार होते समय कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिनकी वजह से उनका लुक अच्छा दिखने की वजह खराब हो जाता है। ये गलतियां जाने-अनजाने में होती हैं। इसलिए आज हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। यहां हम कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके लुक को बिगाड़ सकती हैं।

### मौके के हिसाब से कपड़े

कई बार हम बिना सोचे-समझे कुछ ऐसे कपड़े खरीद लेते हैं, जिनकी शायद हमें जरूरत भी नहीं है। ऐसे कपड़ों को कहीं भी न पहनें। खासतौर



पर जब बात त्योहारों की हो रही है तो ध्यान रखें कि ये कपड़े ज्यादा हैवी नहीं होने चाहिए। त्योहारों में पूजा-पाठ भी होती है, ऐसे में ज्यादा भारी कपड़े पहनकर आपको शायद बैठने में दिक्कत हो सकती है।

### गलत एक्सेसरीज और मेकअप का चयन

लुक कैरी करते समय एक्सेसरीज का चयन हमेशा अपने आउटफिट और मौके के हिसाब से करें। हर आउटफिट के साथ और हर जगह ज्यादा हैवी एक्सेसरीज अच्छी नहीं लगती हैं। अगर आउटफिट हैवी है, तो गहने हल्के रखें और मेकअप भी सिंपल ही रखें। वरना आपके गहने और मेकअप आपके आउटफिट को फीका ना देगा।

### मौसम के हिसाब से तैयार न होना

यदि आप मौसम के हिसाब से तैयार होंगी तो हर कोई आपकी तारीफ करेगा। जैसे कि गर्मियों में सिल्क या भारी फैब्रिक पहनना और सर्दियों में हल्के कपड़े पहनना ना सिर्फ असहज करता है, बल्कि लुक भी बिगाड़ देता है। इसलिए अभी आज के मौसम में हमेशा हल्के फैब्रिक वाले कपड़े का चयन करें। सर्दी के मौसम में मोटे फैब्रिक का चयन कर सकते हैं।

### सही फिटिंग को नजरअंदाज करना

आपका आउटफिट हमेशा सही फिटिंग का होना चाहिए। गलत फिटिंग से आपका पूरा लुक ही बिगड़ जाएगा। इसके लिए आपको कपड़े तैयार करने से पहले ट्रायल अवश्य लेना चाहिए। खासतौर पर अगर आउटफिट त्योहार के लिए तैयार करा रहे हैं तो एक बार पहले ट्रायल अवश्य लें, ताकि आपके कपड़े की फिटिंग परफेक्ट रहे।

### सही हेयर स्टाइल न होना

इस बात को खासतौर पर ध्यान में रखें। ये जानना बेहद जरूरी है कि हर आउटफिट के साथ खुले बाल या जूड़ा अच्छा नहीं लगता है। समय-समय पर आउटफिट के हिसाब से अपना हेयर स्टाइल बदलें। आपका हेयर स्टाइल आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ाने का काम करता है।

